दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली। शुक्रवार 25 अक्टूबर-2024 ● वर्ष: 9 अंक: 303 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य: ₹3

# तोड़ दी मायावी कुर्सी और किया तमाम बाधाओं को पार
# आखिर बन ही गए संजीव शर्मा भाजपा उम्मीदवार







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इलेक्शन में कई बार हकीकत से फिक्शन का निर्माण होता है और कई बार फिक्शन से हकीकत आती है। गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव की कहानी में यही फिक्शन है। यहां से अतुल गर्ग लोकसभा में पहुंचे फिर यहां सीट खाली हो गई।

दैनिक करंट क्राइम ने इस सवाल को उठाया था और मायावी कुर्सी का मायावी जाल बताया था। यहां पंजाबी फैक्टर आया ओबीसी फैक्टर आया और त्यागी फैक्टर आया। हर फैक्टर के साथ एक चुनावी कैरेक्टर आया। ये कैरेक्टर कहानी को मजबूत कर रहा था।

ये सीट अतुल गर्ग के लिये प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। जनरली अतुल गर्ग पहले ही एक बड़ा मैसेज दे चुके हैं और जाहिर सी बात थी कि अतुल गर्ग ने मायावी कुर्सी तैयार की है तो उसका फॉमूर्ला भी ऐसा बनाया कि उनके प्रिय संजीव शर्मा वहां तक पहुंच गए। संजीव शर्मा ने भी आखिरकार तमाम बाधाओं को पार किया और वो भाजपा के उम्मीदवार बनें।



## जब संजीव शर्मा ने छुए अतुल गर्ग के पैर तो सांसद ने लगा लिया उम्मीदवार को गले



इस गेम के अगर कोई मास्टरमाइंड माने जाएंगे तो वो सांसद अतुल गर्ग हैं। यहां उनकी राय महत्वपूर्ण है। क्योंकि ये सीट उन्हीं के सांसद बनने के बाद रिक्त हुई है। वो लगातार दो बार यहां से विधायक का चुनाव जीते हैं। संजीव शर्मा का नाम अतुल गर्ग का नाम माना जा रहा था और जब संजीव शर्मा का टिकट घोषित हुआ तो वो सबसे पहले भोले के दर पर पहुंचे और फिर उन्होंने अपना सिर अपने पॉलिटिकल शुभचिंतक और सबसे बड़े किरदार सांसद अतुल गर्ग के सामने झुकाया। संजीव शर्मा ने अतुल गर्ग के पैर छुए और उनका आशीर्वाद लिया। अतुल गर्ग ने भी संजीव शर्मा को गले लगा लिया और दोनों के चेहरों पर एक ऐसी मुस्कान आई जो बता रही थी कि गुरु मैदान फतह कर लिया है।

## वैश्य, पंजाबी से लेकर चीफ और भगवा दीदी की एंट्री के बाद भी कमांडर की मुनादी

चुनाव का ये चक्रव्यूह इतना आसान नहीं था। यहां कोई टिकट पाने के लिये लड़ रहा था तो कोई लड़ाई को विकट बनाने के लिए लड़ रहा था। टिकट के निकट कौन जायेगा ये बड़ा सवाल था। यहां ललित जायसवाल के नाम की भी एंट्री हुई। भगवा दीदी का नाम भी चर्चा में आ गया। पंजाबी फैक्टर में अशोक मोंगा का नाम चला और वैश्य फैक्टर में मयंक गोयल का नाम आया, लेकिन यहां भगवा कमांडर ने अपने नाम की मुनादी कराई। फेसबुक ने तो पूरी चुनावी पिच को हिला डाला था, लेकिन इन सब नामों को पछाड़ते हुए जब उम्मीदवार के नाम की मुनादी हुई तो संजीव शर्मा उम्मीदवार घोषित किये गये।



## जहां रखा था कथा वाला हवन कुंड वहीं पहुंचा उम्मीदवार विद भक्तों का झुंड

संजीव शर्मा ने इस बार टिकट के लिये भोले के दर पर डेरा डाला था। वो ज्योर्तिलिंग भी गए और उन्होंने भोले शंकर की कथा का हवन कुंड शहर विधानसभा में रखा। संजीव शर्मा के न ाम की घोषणा हुई और फिर वो हवन कुंड वाले स्थान यानी दूधेश्वरनाथ मंदिर में अपने समर्थकों और भोलेबाबा के भक्तों के साथ पहुंचे। यहां स्वयं महंत नारायण गिरी ने उन्हें जलाभिषेक कराया। फिर संजीव शर्मा पार्टी कार्यालय पहुंचे और यहां एक पूरी भीड़ उन्हें बधाई देने के लिए मौजूद थी। संजीव शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## कमरे पड़ गए छोटे, ढोल के साथ पटाखे फूटे





भगवा कमांडर के नाम से प्रसिद्ध संजीव शर्मा कार्यकताओं में लोकप्रिय हैं। सांसद अतुल गर्ग ने ही उनके जन्मदिन पर उन्हें अब तक के सबसे लोकप्रिय अध्यक्ष का खिताब दिया था। गुरुवार की सुबह साढ़े ग्यारह बजे भाजपा का प्रेसनोट रिलीज हुआ और संजीव शर्मा उम्मीदवार घोषित किये गये। ये तय हुआ कि अतुल गर्ग की मायावी शक्तियां संजीव के काम आई हैं। संजीव शर्मा कितने लोकप्रिय हैं इसका अंदाजा उस समय हुआ जब वो भाजपा महानगर कार्यालय पहुंचे और यहां कार्यकताओं का एक हुजूम उनके स्वागत के लिये तैयार था। आलम ये रहा कि भाजपा महानगर कार्यालय के कमरे छोटे पड़ गए। दोपहर से शुरू हुआ बधाई का सिलसिला शाम तक चलता रहा। ढोल बजे, पटाखे फूटे और बड़ा संदेश ये था कि पार्टी में कार्यकर्ता को टिकट दिया है।

## जब सबने दी बधाई, तब दावेदार नहीं दिए दिखाई

राजनीति का एक उसूल होता है कि यहां गेम रोचक हो जाए तो फिर विजेता को बधाई मिलती है। शहर विधानसभा वाले इस रण में कई दावेदार थे। दावेदार कहने को तो 56 थे, लेकिन मुख्य मुकाबला अंत में छह चेहरों के बीच रहा और पचास शॉर्टलिस्ट हो गए।



कहानी में ट्विस्ट तब आया जब छह में से भी दो घटे और मैन किरदार चार हो गए। चर्चा वालों नामों में मयंक गोयल, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल और पूर्व महानगर अध्यक्ष अशोक मोंगा भी थे। चर्चा में भगवा दीदी का भी नाम आया था। जब भाजपा का उम्मीदवार घोषित हुआ तो कार्यकताओं का एक पूरा हुजूम बधाई देने उमड़ पड़ा। सबने बधाई दी लेकिन वो दावेदार नहीं दिखाई दिये जो टिकट वाले रण में थे। मयंक गोयल के दर्शन नहीं हुए, ललित जायसवाल दिखाई नहीं दिये। अशोक मोंगा भी नजर नहीं आए और भगवा दीदी तो जनरली पहले ही सिटी से आउट थीं।

## संजीव शर्मा ने भी चुना है नामांकन सभा के लिये वही स्थान

दैनिक करंट क्राइम ने इशारों ही इशारों में 17 अक्टूबर को ही अपने जुबान संभालके कॉलम में बता दिया था कि अगर इनका टिकट हुआ तो नवयुग मार्किट में चुनावी दफ्तर रहेगा। फिलहाल सीन ऐसा रहा कि टिकट उनका ही हो गया तो ऐलान हो गया कि नवयुग मार्किट में अंबेडकर पार्क के सामने और उडुप्पी रेस्टोरेंट के बराबर वाला स्थान भाजपा का चुनाव कार्यालय रहेगा। नामांकन जुलूस के लिये भी, नामांकन सभा के लिये भी आज यानि 25 अक्टूबर को दस बजे भाजपा कार्यकर्ता यहीं से प्रस्थान करेंगे।

## सांसद अतुल गर्ग बनें सबसे बड़े वजीर और कायम कर दी एक बड़ी नजीर



गाजियाबाद की भगवा राजनीति की बात करें तो यहां अतुल गर्ग यहां सबसे बड़े खिलाड़ी के रूप में उभरकर सामने आए हैं। गाजियाबाद की भाजपा का वो एक ऐसा चेहरा हैं जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छा गए हैं। एक ऐसे सांसद जो राष्ट्रपति के छह दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय दौरे के तीन सदस्यों में शामिल रहे हैं। देश का प्रतिनिधित्व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किया है। वो सदस्यता अभियान के समीक्षा वाली राष्ट्रीय टीम में शामिल हैं। वो दिल्ली चुनाव के सहप्रभारी हैं और उनके पास बिहार, चंडीगढ़ वाली भी जिम्मेदारी है। अतुल गर्ग भगवा गढ़ की र ाजनीति का सबसे चमत्कारी चेहरा बने हैं। वो पहली बार विधायक बनें तो प्रदेश सरकार में खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री बनें। वो सरकार में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री रहे। दूसरी बार विधायक बनें तो संगठन की बड़ी जिम्मेदारियों को संभाला उन्होंने जनरली वो कर डाला जो कोई सोच नहीं सकता था। वो लोकसभा सांसद बने हैं और अब अपनी विधानसभा के दावेदारी वाले रण में सबसे बड़े खिलाड़ी के रूप में सामने आए हैं। उन्होंने संजीव शर्मा को प्रमोट किया और उनकी उम्मीदवार बनने वाले चाहत को पूरा किया। बताते हैं कि यहां अतुल गर्ग ने ऐसा गेम बिछाया कि सामने वाले के सामने सरेंडर करने के अलावा कोई चारा नहीं रहा। आखिरी समय तक अपने पत्ते नहीं खोले। अतुल गर्ग निश्चित रूप से गाजियाबाद की राजनीति का सबसे बड़ा केंद्र बने हैं। उन्होंने इस गेम में खुद का साबित कर दिया है।

## अध्यक्ष से उम्मीदवार बने संजीव शर्मा का सियासी सफरनामा

संजीव शर्मा वर्ष 2007 में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय मुरली मनोहर जोशी जी के नेतृत्व में पार्टी में शामिल हुए उसके बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पद पर 3 वर्ष तक कार्यरत रहे उसके बाद पार्टी ने प्रदेश संयोजक सूचना एवं रोजगार प्रकोष्ठ का दायित्व दिया वर्ष 2013 में



भारतीय जनता पार्टी के महानगर महामंत्री के पद पर कार्यरत रहे उसके बाद क्षेत्रीय संयोजक प्रचार प्रसार विभाग का कार्य संभाला 2019 में भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला जो वर्तमान तक चल रहा है वर्ष 2019 के बाद गाजियाबाद महानगर संगठन अभियान और आयाम के दौरान उच्च स्थान पर रहा तथा पार्टी के द्वारा जो भी कार्यक्रम दिए गए उनको सफलतापूर्वक संपन्न कराया कोरोना में जरूरतमंद लोगों को भोजन खाद्य सामग्री दवाइयां को भी उपलब्ध कराया गया 2022 के विधानसभा चुनाव में तीनों विधायकों ने पहले से ज्यादा मतों से विजय प्राप्त की उसके बाद ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में दोनों ब्लॉक प्रमुख ने विजय प्राप्त की तथा जिला पंचायत अध्यक्ष पर भाजपा ने कब्जा जमाया नगर निगम के चुनाव में पार्टी ने महापौर के साथ-साथ 67 पार्षदों के साथ रिकॉर्ड जीत हासिल की उसके बाद 2024 में सांसद प्रत्याशी अतुल गांधी ने भी जीत हासिल की स्थानीय निकाय के प्रत्याशी धर्मेंद्र भारद्वाज जी ने जीत हासिल की इसके अलावा ग्रेजुएट प्रत्याशी दिनेश गोयल तथा शिक्षक प्रत्याशी श्री चंद शर्मा जी ने भी रिकॉर्ड जीत हासिल की। गाजियाबाद महानगर संगठनात्मक ढांचे में संजीव शर्मा के नेतृत्व में भाजपा नित नए मुकाम हासिल कर आगे बढ़ रही है। सभी कार्यकताओं, सामाजिक और व्यापारिक संगठनों को साथ लेकर चलने की कला में निपुण संजीव शर्मा कार्यकताओं की पहली पसंद बन कर उभरे हैं। उन्होंने अपनी कार्य कुशलता,व्यवहार कौशल से स्थानीय जनप्रतिनिधियों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का सानिध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त किया हुआ है।

## सुबह 9 पर हवन और 12 बजे कलेक्ट्रेट पर होगा भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा का नामांकन



### बिना काफिले के पहुंचेंगे कलेक्ट्रेट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार संजीव शर्मा गाजियाबाद शहर सीट-56 विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन करेंगे। पार्टी और भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुबह 9 बजे वह नामांकन पत्र भरने से पूर्व हवन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद करीब 10 बजे से ही नवयुग मार्केट में व्यापारियों और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी से मुलाकात करेंगे। इसके बाद यहां पार्टी के नेताओं व जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया जाएगा। इसके बाद जानकारी मिली है कि वह विधानसभा चुनाव के प्रवासी प्रभारी कुंवर बृजेश सिंह गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों के साथ जिला मुख्यालय पहुंचेंगे। इस दौरान किसी प्रकार के काफिले और वाहनों की लंबी रैली नहीं निकल जाएगी। ऐसी जानकारी दी गई है।

### खरीदे गए हैं दो फार्म सेट

**करंट क्राइम :** भारतीय जनता पार्टी के शहर सीट से उम्मीदवार संजीव शर्मा आज नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। जानकारी मिली है कि उन्होंने दो फार्म खरीदे हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए दो अनुमोदक और चार प्रस्तावक उनके साथ रहेंगे। इसके साथ ही कुल पांच लोगों को भीतर नामांकन कक्ष में उनके साथ जाने की अनुमति रहेगी। देखना होगा कि नामांकन दाखिल करने के लिए कक्ष तक भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा के साथ कौन-कौन भीतर जाता है। उधर पार्टी से मिली जानकारी के अनुसार नामांकन स्थल पर भाजपा की कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### कार्यकर्ताओं की ओर से आज भी जारी रहेगा स्वागत कार्यक्रम

करंट क्राइम : भाजपा के प्रत्याशी संजीव शर्मा का स्वागत कार्यक्रम शुक्रवार को भी जारी रहेगा। मिली जानकारी के अनुसार बड़ी संख्या में पार्टी के नेता व प्रमुख कार्यकर्ता संजीव शर्मा का नामांकन करने से पहले जोरदार अंदाज में स्वागत करेंगे। बताया जा रहा है कि इस दौरान आतिशबाजी से लेकर बैंड व ढोल से लेकर पुष्प वर्षा व मिष्ठान के साथ स्वागत किया जाएगा।


# सीएम योगी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर सीएम योगी ने ट्वीट कर लिखा ऊजार्वान एवं कर्मठ राजनेता, माननीय सांसद अनुराग ठाकुर जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। माँ ज्वाला देवी आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और यशस्वी जीवन प्रदान करें, यही प्रार्थना है। साथ ही अनुराग ठाकुर की राजनीतिक यात्रा और उनके कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर सांसद अनुराग ठाकुर ने सीएम योगी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के सहयोग के लिए भी धन्यवाद दिया। इस शुभ अवसर पर, अनुराग ठाकुर के समर्थक और कार्यकर्ता भी मौजूद थे, जिन्होंने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने कार्यकाल में खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की हैं।






सीएम ने कहा, ठाकुर के नेतृत्व में भारतीय खेलों ने नई ऊँचाइयाँ हासिल की हैं, और उनकी मेहनत से युवा खिलाड़ियों को अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिला है।

आज भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद अनुराग ठाकुर ने अपने 49वा जन्मदिन का मना रहे है। अनुराग ठाकुर, जो कि हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से सांसद हैं, भारतीय राजनीति में अपनी विशेष पहचान बना चुके हैं। बता दें कि हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में 24 अक्टूबर 1974 को अनुराग ठाकुर का जन्म हुआ। अनुराग ठाकुर के माता-पिता (प्रेम कुमार धूमलऔर शीला देवी) की बात करें तो उनके पिता हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं।

अनुराग ठाकुर की पढ़ाई-लिखाई की बात करें तो उन्होंने दयानंद मॉडल स्कूल (हमीरपुर) से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की और फिर उन्होंने दोआबा कॉलेज में दाखिला लेकर अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी की।

वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं और खेल एवं युवा मामलों के मंत्री के रूप में भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं। उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता ने उन्हें युवा पीढ़ी का प्रिय नेता बना दिया है।

वहीं अनुराग ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत 2008 में की थी, जब वह पहली बार सांसद बने। तब से लेकर अब तक, उन्होंने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम किया है, जिसमें खेल, शिक्षा और सामाजिक न्याय शामिल हैं। उनकी कार्यशैली और नीतियों ने उन्हें जनता के बीच लोकप्रिय बनाया है। उनकी राजनीतिक यात्रा को लेकर कई लोगों ने अपने विचार साझा किए और उन्हें उनके अगले कदमों के लिए शुभकामनाएं दीं।

# सिविल डिफेंस वालंटियर और मार्शलों की फिर से बहाली, एलजी की सीएम आतिशी को चिट्ठी

**नई दिल्ली।** मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एलान करते हुए कहा कि बस मार्शलों का संघर्ष सफल रहा है। दिल्ली सरकार बस मार्शलों को चार महीने प्रदूषण नियंत्रण के लिए रोजगार दे रही है। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज सिविल डिफेंस वालंटियर और बस मार्शलों को लेकर बड़ी खुशखबरी दी। उन्होंने कहा कि बस मार्शलों की मेहनत रंग लाई है। बस मार्शलों को चार माह की नौकरी दी जा रही है।



## एलजी ने सीएम आतिशी को लिखी चिट्ठी

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने वायु प्रदूषण को लेकर सिविल डिफेंस वालंटियर्स की नियुक्ति से संबंधित मुद्दे पर मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखा है। उपराज्यपाल ने लिखा है कि डीपीसीसी ने पर्याप्त प्रवर्तन तंत्र की कमी के बारे में जानकारी दी है, जो सीएक्यूएम और राज्य सरकार तथा अन्य सरकारी एजेंसियों द्वारा लागू किए गए। जो 31 अक्टूबर 2023 तक लगे हुए थे, चार महीने की अवधि के लिए और उन्हें वायु प्रदूषण शमन गतिविधियों के लिए लगाएं।

## फिर से वॉलंटियर्स की बहाली का आदेश

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एक नवंबर 2024 से आगामी चार महीनों के लिए शहर में वायु प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से वॉलंटियर्स की पुनः नियुक्ति के निर्देश दिए हैं। साथ ही, उन्होंने दिल्ली सरकार और मुख्यमंत्री को सुझाव दिया है कि वे उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए इन वॉलंटियर्स की भविष्य में स्थायी नियुक्ति के लिए एक ठोस योजना तैयार करें, ताकि इन्हें भविष्य में फिर से गुमराह न किया जाए और उनकी आजीविका प्रभावित न हो।

उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री को सुझाव दिया है कि दिल्ली सरकार द्वारा सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की नियमित नियुक्ति के लिए बनाई जाने वाली योजना में उनकी नियुक्ति के विवरण, बजटीय प्रावधान, वित्तीय अनुमोदन, पदों का सृजन और एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए आरक्षण नियमों का ध्यान रखा जाना चाहिए, जो सिर्फ मीडिया में की गई एक घोषणा भर न बन कर रह जाए।

# 2017 के पहले सक्षम होने पर नहीं, बल्कि पहुंच और पैसे से मिलती थी नौकरी : सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कहा कि कुछ अभ्यर्थियों ने 2017 के पहले भी आवेदन किया होगा। सक्षम व समर्थ होने के बावजूद सिर्फ इसलिए उनका चयन नहीं हुआ होगा, क्योंकि उनकी पास पहुंच और पैसे की कमी थी। मेरिट होने के बावजूद उन्हें चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाता था, लेकिन पिछले सात-साढ़े सात वर्ष में चयन प्रक्रिया में किसी के साथ भेदभाव नहीं हुआ।



हमारी सरकार में नियुक्तियां ईमानदारी से हुईं और यूपी हर क्षेत्र में तेजी से दौड़ता दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नियुक्ति पत्र के रूप में दीपावली के पहले युवाओं को उपहार प्रदान किया। योगी सरकार के निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत गुरुवार को 1950 नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसमें यूपी अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 1526 ग्राम पंचायत अधिकारी, 360 ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण), 64 समाज कल्याण पर्यवेक्षक चयनित किए गए हैं। सीएम ने उम्मीद जताई कि जितनी निष्पक्षता और पारदर्शिता से नियुक्ति मिली है, पूरा कार्यकाल इसी निष्पक्षता व पारदर्शी तरीके से बढ़ता जाएगा तो यूपी भारत की नंबर एक की अर्थव्यवस्था और भारत 2047 में विकसित व आत्मनिर्भर बनेगा। सीएम योगी ने कहा कि साढ़े सात वर्ष में हमारी सरकार ने सरकारी सेवाओं में लगभग 7 लाख भर्ती संपन्न की है। प्रदेश के अंदर सुरक्षा का बेहतर माहौल देने के कारण निजी क्षेत्र में भी लाखों नौजवानों के लिए नौकरी की संभावना बढ़ाई गईं। प्रदेश का युवा पहले नौकरी-रोजगार के लिए देश-दुनिया में भटकता था। आज उसे अपने प्रदेश, क्षेत्र और जनपद में नौकरी मिल रही है। वह घर के कार्यों के साथ-साथ सर्विस और परिवार की देखभाल भी कर रहा है। जिन ग्राम पंचायत राज अधिकारियों व पंचायती राज विभाग से जुड़े अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, उन्हें कमोवेश नियुक्ति पत्र उसी जनपद में प्राप्त हुआ है।

जहां के वे निवासी हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के अंदर समग्र विकास के लिए जो रूपरेखा तैयार की थी। उसमें भर्ती प्रक्रिया भी पारदर्शी तरीके से हो सके, यह उसका प्रमुख भाग था, क्योंकि अच्छे, सक्षम और योग्य अभ्यर्थियों का चयन नहीं होगा, तो सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जिस तंत्र को कार्य करना है, वह स्वयं पैरालाइज हो जाएगा। ऐसी स्थिति पैदा न हो, इसके लिए 2017 में ही तय किया गया कि जितने भी आयोग व बोर्ड हैं, वह निष्पक्षता और पारदर्शी तरीके से आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया संपन्न करें।

## न्यूज डायरी

### मोदी शुगर मिल में 3 नवंबर से गन्ना पैराई शुरू होगा

**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदी शुगर मिल में 3 नवंबर से गन्ना पैराई सत्र का शुभारंभ होगा। इतना ही नही 31 अक्टूबर से गन्ने की खरीद भी शुगर मिल शुरू कर देगा। गन्ना विभाग की तरफ से गन्ना पैराई को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गन्ना किसानों को गन्ना कैलेड़र वितरित किये जा चुके हैं। प्रबंध कमेटी के चुनाव भी हाल ही में संपन्न हुए हैं। अब पैराई भी मोदी शुगर मिल में शुरू हो जाएगी। इस बार गन्ना आपूर्ति का लक्ष्य 95 लाख क्विंटल रखा गया है। मोदी शुगर मिल के उपाध्यक्ष वेदपाल मलिक ने बताया कि किसान शुगर मिल में अंगौला रहित ताजा गन्ना ही डाले। गन्ना पर्ची जारी होने के 72 घंटे के भीतर अवश्य गन्ना यहां भेज दें। बाह्य गन्ना क्रय केंद्रों पर 31 अक्टूबर व मिल गेट पर तीन नवंबर के लिए इंडेन्ट प्रेषित किया गया है।



### मुकदमें की पैरवी कर रहे युवक पर जानलेवा हमला

**मोदीनगर करंट क्राइम।** पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने मुकदमें की पैरवी कर रहे एक युवक की बाइक जबरन रोककर उस पर जानलेवा हमला बोल दिया और जान से मारने की धमकी दे डाली। इस बीच जान बचाकर भागे युवक ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगायी। पुलिस ने इस मामले में पिता पुत्र सहित तीन के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया हैं। थानान्तर्गत गांव बेगमाबाद निवासी सैफी बडगुर्जर जब अपने मित्र गांव डबाना निवासी एडवोकेट संजय त्यागी से मिलने के बाद बाइक से वापस घर लौट रहा था, तभी उसे निवाड़ी रोड पुलिस चैकी सें चंद दूरी पर तीन लोगों ने जबरन रोक लिया और उस पर जानलेवा हमला बोल दिया। आरोपियों ने उससे कहा कि तू मुकदमे की पैरवी करना छोड़ दे अन्यथा जान से हाथ धोना पडेगा। इस बीच सैफी किसी तरह जान बचाकर पुलिस चैकी पहुंचा ओर पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस की ओर से इस मामले में देवेंद्रपुरी निवासी प्रमोद, उसके पुत्र दिव्यांशु व मामा बंटी को नामजद किया है। तीनो आरोपी फरार बताये गये है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

### क्रिकेट खेल के खेल में एक युवक पर हमला

**मोदीनगर करंट क्राइम।** क्रिकेट खेल के दौरान हुये विवाद में दो आरोपियों ने एक युवक पर धार धार हथियारों से हमला कर उसे घायल कर दिया। मामला अलग-अलग संप्रदाय से जुड़ा होने के कारण तनाव बना हुआ है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

जगतपुरी कालोनी निवासी रमेश का पुत्र वीरू जब अपने साथियों के साथ क्रिकेट खेल रहा था, उसी दौरान कॉलोनी के ही युवकों से उसका विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि जब वह घर पहुंचा तो आरोपी युवकों ने उस पर धारधार हथियार से हमला कर उसका हाथ चोटिल कर दिया। बीच बचाव में आये उसके परिवार के लोगों से भी अभद्रता कर डाली। पुलिस ने इस मामले में कॉलोनी के नाजिम व शाहिद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

### पडोसियों से तंग महिला ने चार के खिलाफ कराई रिपोर्ट दर्ज




मोदीनगर करंट क्राइम। एक महिला ने पड़ोस में रहने वाले चार लोगो पर आये दिन मानसिक प्रताड़ना देने का आरोप लगाते हुये उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया है, ओर सुरक्षा की गुहार लगायी हैं। गांव बखरवा निवासी महिला अंजलि ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उसके पड़ोस में रहने वाले चार लोग उसकी चार वर्षीय बेटी काव्या व उसके पति आदेश पर प्रतिदिन कामेंट कसते है, विरोध जताने पर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते है। उनके इस कृत्य पर महिला ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगायी हैं। पुलिस ने इस मामले में गांव के ही शेरू, धर्मपाल, सुंदर व अमन व आकाश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# बसपा ने यूपी उपचुनाव के लिए आठ उम्मीदवारों की सूची जारी की

**लखनऊ।** बसपा ने यूपी में नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने आठ सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए हैं। बहुजन समाज पार्टी ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश में नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए आठ प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। बसपा ने अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से अमित वर्मा, प्रयागराज की फूलपुर सीट से जितेंद्र कुमार सिंह को, मुजफ्फरनगर के मीरापुर से शाहनजर को, कानपुर नगर की सीसामऊ सीट से वीरेंद्र कुमार शुक्ला को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह मैनपुरी की करहल सीट से डॉ. अवनीश कुमार शाक्य को, मुरादाबाद की कुंदरकी से रफतउल्ला उर्फ नेता छिद्दा को, गाजियाबाद सीट पर परमानंद गर्ग और मिजार्पुर की मंझवा सीट पर दीपक तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। एक सीट पर प्रत्याशी की घोषणा अभी नहीं की गई है।




## घोषणा से पहले ही दाखिल किया नामांकन

कटेहरी उपचुनाव में बसपा प्रत्याशी अमित वर्मा ने भी मंगलवार को ही नामांकन दाखिल कर दिया था। कटेहरी से 2012 में कांग्रेस से चुनाव लड़ चुके अमित इस बार बसपा से मैदान में हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद बसपा प्रत्याशी ने कहा था कि उपचुनाव में बसपा की जीत तय है। बीजेपी प्रत्याशी ही घोषित नहीं कर पा रही है तो सपा में अंतर्कलह है।

## किसी के साथ गठबंधन न करने की पहले ही कर दी थी घोषणा

हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि पार्टी अब किसी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने कहा था कि सभी राज्यों में और उपचुनाव में बसपा अकेले ही चुनाव लड़ेगी। मायावती ने कहा था कि गठबंधन में बसपा का वोट तो ट्रांसफर हो जाता है पर अन्य दलों का वोट नहीं मिल पाता है।

# मस्जिद को लेकर बवाल...धार्मिक संगठन ने निकाली रैली, पथराव के बाद पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**देहरादून।** उत्तरकाशी में मस्जिद के खिलाफ धार्मिक संगठन ने आक्रोश रैली निकाली। संगठन की ओर से मस्जिद हटाने की मांग की जा रही है। उत्तरकाशी में मस्जिद हटाने को लेकर जनाक्रोश रैली निकाली जा रही है। संगठन की रैली को रोकने के लिए पुलिस की ओर से बैरियर लगाए गए हैं, लेकिन लोगों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। नारेबाजी करते हुए जनाक्रोश रैली बैरिकेड के पास पहुंची, जहां उनकी पुलिस से तीखी झड़प हुई। इस दौरान भीड़ ने पथराव कर दिया तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा।



गुरुवार को जय श्री राम के नारों के साथ धार्मिक संगठन ने जनाक्रोश रैली निकाली। धार्मिक संगठन द्वारा मस्जिद को लेकर निकाली जा रही रैली के चलते बाजार बंद कराए गए हैं। मस्जिद पुरानी है। धार्मिक संगठन की ओर से इसे अवैध बताया जा रहा है। हालांकि जिला प्रशासन इसे सरकारी भूमि पर अवैध रूप से नहीं बने होने को लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर चुका है। लेकिन संगठन इसे नहीं मान रहा है। पूर्व प्रस्तावित कार्यक्रम में आज जनाक्रोश रैली निकाली जा रही है। पुलिस ने रैली को रोकने के लिए तीन जगह पर बैरियर लगाए है। सिंगल तिराहा सहित भटवाड़ी रोड ओर भैरव चौक में बैरियर के साथ भारी पुलिस बल तैनात है।

## मस्जिद के पास जाने की अनुमति नहीं

मस्जिद के पास से जाने की अनुमति नहीं मिलने तक प्रदर्शनकारियों ने कहा कि व धरने पर अड़े रहेंगे। यही भाषणबाजी शुरू हो गई है। हालात बेकाबू होते देख एसडीएम भटवाड़ी मुकेश चंद रमोला मौके पर पहुंचे। जनाक्रोश रैली के चलते चारधाम यात्रा के वाहनों को पहले ही बड़ेथी मनेरा तेखला बाईपास से डायवर्ट किया गया है।

# भागीरथ पब्लिक स्कूल ने ग्रीन दिवाली मनाने का उठाया बीड़ा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भागीरथ पब्लिक स्कूल की ओर से गुरुवार को लोगों को पर्यावरण के अनुकूल दिवाली मनाने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया गया जिसमें भागीरथ पब्लिक स्कूल के विभिन्न छात्र-छात्राओं द्वारा राजनगर एक्सटेंशन की वी० वी० आई० पी० सोसाइटी में एक रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए एक नुक्कड़ नाटक भी किया गया। लोगों को इको फ्रेंडली दिवाली मनाने का संदेश दिया गया। प्रधानाचार्या अल्पना श्रीवास्तव ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस आधुनिक युग में ग्रीन दीवाली मनाना बहुत जरूरी है क्योंकि हम प्रकृति के विनाश के कगार पर खड़े हैं। इसी अवसर पर विद्यालय के निदेशक अमिताभ शुक्ल ने भी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए धरती को अच्छी स्थिति में छोड़ें और हरित पहल को दिवाली के जश्न तक सीमित नहीं रख रखें बल्कि समय-समय पर हमें पर्यावरण को बचाने के लिए छोटे-छोटे कदम उठाने चाहिए, यह हमारे छोटे-छोटे कदम निश्चित रूप से बच्चों के भविष्य पर फर्क डालेंगे।



# सुंदर दीप इंजीनियरिंग कॉलेज में मशीन लर्निंग कार्यशाला का हुआ सफल आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुंदर दीप इंजीनियरिंग कॉलेज में गुरुवार को एक सफल मशीन लर्निंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को मशीन लर्निंग की बुनियादी जानकारी और इसके उपयोग के बारे में अवगत कराना था।

कार्यशाला का उद्घाटन वाइस चांसलर प्रो. डॉ प्रसन्नजीत कुमार ने किया। इसके बाद मिस्टर सौरव कपिल ने छात्रों को मशीन लर्निंग की तकनीकों, एल्गोरिदम और विभिन्न उपकरणों के बारे में बताया। छात्रों ने कार्यशाला के दौरान अपने विचार साझा किए। कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए डायरेक्टर एसडीईसी प्रो. (डॉ.) संदीप गुप्ता, बीसीए विभागाध्यक्ष योगिता कौशिक, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. राम मिलन, प्रो. डॉ. गवेंद्र सिंह, पायल गोयल, कपिल सिंघल, केशव शर्मा, वंदना शर्मा को धन्यवाद दिया गया और छात्रों को आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## SPECIAL WISHES

दैनिक करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सनातन धर्म संस्कृति में माएं अपनी संतान की लंबी आयु उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन की कामना के साथ अहोई अष्टमी व्रत रखती हैं। प्रखर फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नमिता भल्ला ने अपने पुत्र प्रखर भल्ला के सफल सुखद खुशहाल जीवन की कामना करते हुए व्रत रखा। अपने बेटे के खुशहाल जीवन की कामना की।

# अखिलेश यादव के जीजा अनुजेश यादव की दो टूक

**आगरा।** अखिलेश यादव ने जिस विधानसभा सीट से इस्तीफा दिया, वहां से भाजपा ने उनके जीजा अनुजेश यादव को टिकट दिया है। भाजपा से टिकट घोषित होने के बाद ही अनुजेश यादव सीधे कार्यालय पहुंचे। उन्होंने मीडिया के सवालों का दो टूक जवाब देते हुए कहा कि ये फूफा-भतीजे की नहीं, भाजपा और सपा की लड़ाई है। भाजपा से टिकट घोषित होते ही प्रत्याशी अनुजेश यादव अपने गांव भारौल से सीधे भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां भाजपा कार्यालय पर पत्रकारों के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि करहल विधानसभा की लड़ाई फूफा और भतीजा नहीं भाजपा और सपा की लड़ाई है। इसमें भाजपा की जीत होगी।

भाजपा ने करहल विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। भाजपा ने फिरोजाबाद जनपद के भारौल निवासी पूर्व विधायक उर्मिला यादव के पुत्र और सपा प्रत्याशी तेज प्रताप यादव के फूफा अनुजेश यादव को करहल उपचुनाव में प्रत्याशी घोषित किया है। अपने नाम की घोषणा होने के बाद अनुजेश यादव मैनपुरी स्थित भाजपा के जिला कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ चुनाव की तैयारियों पर रणनीति बनाई। जब उनसे सवाल किया कि करहल उपचुनाव में फूफा और भतीजा आमने-सामने हैं आखिर जीत किसकी होगी। इस पर अनुजेश यादव ने कहा कि करहल की लड़ाई फूफा और भतीजा नहीं भाजपा और सपा की लड़ाई है। इसमें जनता भाजपा को जीत दिलाएगी। जब उनसे कहा गया कि चुनाव लड़ने से उनकी रिश्तेदारी में खटास आएगी तो उन्होंने कहा कि चाचा शिवपाल भी पहले अलग पार्टी बनाकर लड़ चुके हैं।



# हिन्दू नाम से लगायें बोर्ड को हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने चेतावनी दे, हटाने का आग्रह किया

**मोदीनगर करंट क्राइम।** बार्डर थानान्तर्गत इंद्रापुरी कालोनी में गतदिनों जूस की दुकान पर पेशाब मिलाकर जूस बेचने के मामले के बाद उपजे विवाद के बाद से हिन्दूवादी संगठन सतर्क है। मोदीनगर में हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकताओं को कई दिनों से यह शिकायत मिल रही थी, कि कुछ दूसरे समुदाय के लोगों ने हिन्दू नाम से अपनी दुकानें संचालित की हुई है। जिसका संज्ञान लेते हुये गुरूवार को हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने कई दुकानों में जाकर हिन्दू नाम हटाकर असली नाम लिखवायें जाने व मोबाइल नंबर दर्ज किये जाने की अपील दूसरे समुदाय के लोगों से की।




हिन्दू युवा वाहिनी के पूर्व जिला महामंत्री नीरज शर्मा ने बताया कि हिन्दू युवा वाहिनी के व्हाट्सेप ग्रुप में कई दिनों से मैसेज प्राप्त हो रहे थे कि शहर में कई स्थानों पर दूसरे समुदाय के लोगों ने हिन्दू नामों से अपने प्रतिष्ठान संचालित किये हुये है, जिससे भ्रम की स्थिती पैदा हो रही है। गुरूवार को हिन्दू युवा वाहिनी के नीरज शर्मा व संगठन के मुरादनगर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष निशांत त्यागी ने संयुक्त रूप से अभियन चलाकर निवाड़ी रोड, गोविन्दपुरी में शर्मा बैंड, हीरा बैंड आदि प्रतिष्ठानों पर पंहुचे और उन्होंने उनके स्वामियों से प्रतिष्ठानों के नाम हिन्दू रखे जाने पर आपत्ति जाहिर करते हुये आग्रह किया कि वह अपने प्रतिष्ठानों के नाम शीघ्र बदल ले, ताकि आमजन को भ्रम की स्थिती पैदा ना हो। इतना ही नही हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने चेतावनी दी, कि ऐसा न किये जाने की दशा में अग्रीम कार्रवाही करायें जाने को विवश होना पड़ेंगा। इस दौरान अंकित यादव, अभिषेक तगी, बादल कुमार, कपिल कुमार व मास्टर जी आदि मौजूद रहें।

# मुल्तानीमल मोदी कॉलेज में गुड-टच बैड-टच पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**मोदीनगर करंट क्राइम।** मिशन शक्ति फेज 5 के तहत आयोजित कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के अन्तर्गत मुल्तानीमल मोदी कॉलेज में छात्राओं को गुड-टच बैड-टच के बारे में जागरूकता करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में किया गया। जिसमें कॉलेज के कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार उपस्थित रहें।

कार्यक्रम के दौरान, शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ0् कुमुद रानी ने छात्राओं को महिला सशक्तीकरण के तहत गुड-टच बैड-टच की महत्त्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को व्यक्तिगत सुरक्षा और यौन शोषण के प्रति जागरूक किया। साथ ही इस विषय पर खुलकर बातचीत की और विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से छात्राओं को जानकारी दी, कि कैसे वे इस प्रकार की स्थिति से निपट सकती हैं। कार्यक्रम में अंतरा चैधरी, हिमांशी शर्मा, मदीना त्यागी सहित कई अन्य छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी छात्राओं ने इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की और इसे उनके लिए बेहद उपयोगी बताया। यह कार्यक्रम छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने और समाज में सुरक्षित एवं सशक्त रूप से आगे बढ़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# आ गए हाथी-साइकिल-फूल सारे उम्मीदवार मैदान में

## आज नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आज शहर विधानसभा उपचुनाव के लिए सारे उम्मीदवार मैदान में होंगे। आज सभी कलैक्ट्रेट वाले पथ पर अपने चुनावी रथ पर सवार होकर नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। केतली से सतपाल चौधरी, हाथी से पीएन गर्ग पहले ही अपना पर्चा दाखिल कर चुके हैं। आज भाजपा के संजीव शर्मा, सपा-कांग्रेस गठबंधन से सिंहराज अपना चुनावी पर्चा दाखिल करेंगे। चुनावी रेस में अब भाजपा, बसपा, सपा-कांग्रेस गठबंधन के साथ-साथ एआईएमएम, आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार भी हैं। आजाद समाज पार्टी से सतपाल चौधरी, एआईएमएम से रवि गौतम उम्मीदवार हैं। वहीं आम आदमी पार्टी ने इस चुनाव में अपना कोई उम्मीदवार नहीं उतारा है। नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन हैं। आज नामांकन प्रक्रिया पूरी होते ही सभी दलों में चुनावी शंखनाद होगा। सभी उम्मीदवार अपनी अपनी सियासी ताकत दिखायेंगे। शहर सीट पर हालांकि कम मतदान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। यहां जिस तरह से चुनावी चेहरे आये हैं, उससे यहां मुकाबला रोचक होने की उम्मीद लगायी जा रही है। सभी राजनीतिक दल अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। सभी उम्मीदवारों का ये कहना है कि उन्हें सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है। बहरहाल आज से एक तरह से चुनावी दंगल शुरू हो जायेगा। हर दल ने अपने उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं और घोषित उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसके साथ ही चुनावी दफ्तर भी खुलेंगे और अब शहर के गली मौहल्ले दीपावली के साथ-साथ चुनावी रोशनी से भी गुलजार रहेंगे।

# कमांडर लड़ेंगे चुनाव तो कौन संभालेगा संगठन की कमान






*गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा में एक पद रिक्त होता है तो उसका चर्चा अतिरिक्त होता है। जब अतुल गर्ग ने लोकसभा का पर्चा भरा था तो उसी समय ये चर्चा शुरू हो गई थी कि अगर वो लोकसभा का चुनाव जीत जाते हैं तो विधानसभा का चुनाव कौन लड़ेगा। अब महानगर अध्यक्ष और भगवा कमांडर से मशहूर संजीव शर्मा को जब पार्टी ने विधानसभा चुनाव के रण में उतारा है तो ये सवाल भाजपा में खड़ा हो गया है कि जब संजीव शर्मा चुनाव लड़ेंगे तो ऐसे में संगठन की कमान किसके पास रहेगी।*

*संजीव शर्मा विधानसभा उपचुनाव में हैं तो ऐस में कोई ना कोई चेहरा तो संगठन की कमान संभालेगा ही। यहां कमान संभालने वालों में सबसे पहला नाम पप्पू पहलवान का आता है। पप्पू पहलवान महानगर महामंत्री हैं और वो महानगर अध्यक्ष के बाद सबसे पावरफुल महामंत्री माने जाते हैं। जनसभा की रणनीति से लेकर संगठन की रणनीति तक उनका अहम योगदान रहता है। ऐसे में वो नेक्स्ट कप्तान के रूप में देखे जा रहे हैं। संगठन के दायित्व और बिरादरी समीकरण की बात करें तो यहां महामंत्री गोपाल अग्रवाल का भी नाम आता है। गोपाल अग्रवाल संगठन के कामों में भी पूरा समय देते हैं और वो कार्यकर्ताओं से भी अपना संवाद कायम रखते हैं। संगठन की बात आती है तो यहां मोस्ट डिजर्विंग फेस के रूप में बोबी त्यागी का नाम आता है। बोबी त्यागी संगठन क्षमता से भरपूर हैं और उनकी ट्यूनिंग भी सभी नेताओं से बेहतर बताई जाती है। वो संवाद शैली के साथ हमेशा कार्यकर्ताओं के संपर्क में रहते हैं। कप्तानी का मौका मिले तो वो जबरदस्त चौके लगा सकते हैं। अगर संगठन संभालने की बात आए तो यहां भाजपा से महानगर महामंत्री सुशील गौतम के नाम को भी इग्नोर नहीं किया जा सकता है। सभी से मुस्कुराकर मिलने वाले सुशील गौतम संगठन को भरपूर समय देते हैं। पार्टी की गाइडलाइन में पर चलते हैं और संगठन क्षमता भी है। महानगर वाली कमान संभालने की बात आती है और जब इसमें किसी महामंत्री को ही चुनना है तो राजेश त्यागी का भी नाम आता है। राजेश त्यागी पहले भी अध्यक्ष पद की दावेदारी में रहे हैं और अब जब कमान संभालने की बात आई तो यह नाम भी चर्चा में है।*

## जब मच गया था पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी के नाम का शोर

**करंट क्राइम से कहा नहीं लड़ूंगा चुनाव, पहले ही दिन कर दिया था श्योर**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी माहौल है तो उम्मीदवार घोषित होने से पहले शोर मचता ही है। पर्चा कौन भरेगा इसको लेकर नाम चर्चा में आते हैं। गुरुवार को उपचुनाव वाले माहौल में अचानक से पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी के नाम की एंट्री हुई। फेसबुक से लेकर फोन तक ये मैसेज फ्लेश होने लगा कि सपा कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार के रूप में पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी के नाम की घोषणा होने वाली है। ये चर्चा बहुत तेजी से फैली। कई गठबंधन के नेताओं ने सुरेंद्र मुन्नी को बधाई देनी शुरू कर दी तो वहीं सपा कांग्रेस के नेता आपस में फोन मिलाने लगे। सही स्थित क्या है ये जानने के लिये करंट क्राइम ने पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी से बात की। करंट क्राइम ने जब उनसे सवाल किया कि क्या आपका टिकट गठबंधन से हो रहा है, क्या आप शहर विधानसभा उपचुनाव में आ रहे हैं। इस सवाल पर पूर्व विधायक सुरेंद्र मुन्नी ने कहा कि मैं पहले ही दिन से ही इस बात को श्योर कर चुका हूं कि मैं किसी भी चुनावी रेस में नहीं हूं। जब उन्हें बताया गया कि आपका नाम चल रहा है तो सुरेंद्र मुन्नी ने इसे एक अफवाह बताते हुए इसका खंडन किया। उन्होंने कहा कि मैं अपने घर पर हूं और मैं कोई चुनाव नहीं लड़ रहा हूं।

# रहेगा राज, क्यों गया साइकिल का टिकट हाथी से आए सिंह के पास

## दल मिले, दिल मिले फिर भी हाथ खाली रह गए, कुछ ऐसे बने हालात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी और कांग्रेस हाथ मिलाकर लोकसभा का चुनाव लड़े। सपा ने कहा हम कांग्रेस को गठबंधन में 17 ही सीटें देंगे। कांग्रेस ने कहा नो ऑब्जेक्शन और मिलकर इलेक्शन लड़ें। गाजियाबाद में कांग्रेस ने पहले की अपेक्षा अधिक वोट लिये और ये माना जा रहा था कि यहां कांग्रेस का उम्मीदवार आए और सपा उसे चुनाव लड़ाएगी। कहानी लगातार रोचक हो रही थी। 23 अक्टूबर की रात को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट किया कि कांग्रेस के समर्थन पर सपा अपने सिंबल पर चुनाव लड़ेगी। दोपहर दो बजे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेसवार्ता की कि हम समाजवादी पार्टी को सपोर्ट करेंगे। अब तक ये माना जा रहा था कि कांग्रेस का कैंडिडेट आएगा और सपा चुनाव लड़ाएगी। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस के एक दावेदार चुनाव लड़ने के लिये सपाई होने को तैयार थे और वो सिंबल लेने लखनऊ पहुंच गए थे। लेकिन 24 अक्टूबर का दिन गाजियाबाद की सियासत में चुनावी उथल-पुथल से भरा दिन रहा। ये राजनीतिक दृष्टि से एक रोचक दिन रहा। भाजपा का उम्मीदवार घोषित हो गया। सपा चुनाव मैदान में आ गई और गठबंधन का उम्मीदवार भी घोषित हो गया, लेकिन कमाल ये हुआ कि यहां साइकिल का टिकट हाथी से आए नेता के पास चला गया। हाथी का टिकट सपा से आए नेता के पास चला गया और कांग्रेस वाले हाथों में बायोडाटा लिये ही रह गए। ये राज रहा कि साइकिल का टिकट आखिर हाथी से आए सिंह के पास क्यों चला गया। हालांकि ये कहा जा रहा है कि सिंहराज का टिकट सपा की अपनी रणनीति है।






करंट क्राइम ने सवाल भी किया कि दो दिन पहले जो नाम नहीं था वो नाम आ गया। बताया जाता है कि यहां सपा एक संदेश देना चाहती है कि वो सामान्य सीट पर दलित को टिकट दे रही है। ये संदेश उसने दिया है। सपा पहले भी यहां जनरल सीट पर विशाल वर्मा को टिकट दे चुकी है। यहां से सुशांत गोयल चुनाव लड़ने के लिये इच्छुक थे लेकिन अब यहां सपा मैदान में आई है और वो अपने साथ हाथ या साइकिल नहीं बल्कि हाथी वाले सिंह को उम्मीदवार बनाकर मैदान में लाई है।

### अभिषेक गर्ग को लेकर सपा में सिंपैथी



**करंट क्राइम।** अभिषेक गर्ग का नाम चुनावी दावेदारों में सबसे आगे चल रहा था। सूत्र बताते हैं उनकी मुलाकात समाजवादी पार्टी के सबसे बड़े चेहरे से हो चुकी थी। इसी बीच कांग्रेस और सपा गठबंधन ने अपनी सूरत बदली तो फिर अभिषेक गर्ग की दावेदारी की सीरत भी बदल गई। अभिषेक गर्ग ने उम्मीदवार घोषित होने के बाद अपने मन के भाव को शालीन शब्दों में फेसबुक पर साझा किया। उन्होंने कहा कि हमारी अपनी मंजिलें, हमारी अपनी दौड़ ना काहू से बैर, ना काहू से हौर। अभिषेक गर्ग ने एक तरह से अपने शब्दों के दर्शन से बिना प्रदर्शन किये ही बहुत कुछ कहा। हालांकि ये बात सपा से लेकर कांग्रेस खेमे तक गूंजती रही कि अभिषेक गर्ग एक बेहतर विकल्प हो सकते थे। अभिषेक गर्ग सपा की राजनीति का सौम्य चेहरा हैं। वो उच्च शिक्षित हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि एक ईमानदार चेहरे के रूप में कांग्रेस वाले भी उनकी तारीफ करते हैं। अभिषेक गर्ग की उम्मीदवारी यहां बसपा को चुनौती देती, लेकिन ये नाम चर्चा में रहने के बाद भी दावेदारी के समय पिछड़ गया।

### इस बात का रहे ख्याल, सीन में बिहाइंड दा पर्दा पूर्व विधायक अमरपाल



**करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के टिकट में सूत्र बताते हैं कि एक बड़ी भूमिका पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने भी निभाई है। अमरपाल शर्मा बिहाइंड दा पर्दा पूरे खेल के बड़े खिलाड़ी बने हैं। वो कहीं भी सामने नहीं आए हैं लेकिन उन्होंने यहां जनरल सीट पर दलित उम्मीदवार उतारने के फायदे साइकिल वाले भैया जी को समझाए हैं। ये टिकट उन्हीं का माना जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि इस सीट से चुनाव लड़ने के लिये पहला ऑफर अमरपाल शर्मा के पास आया था। अमरपाल शर्मा ने इस ऑफर में ज्यादा इंट्रेस्ट नहीं लिया और जब बात सपा के उम्मीदवार देने की आई तो यहां अमरपाल ने ही सिंहराज का नाम लिया और अमरपाल के मुख से सिंहराज का नाम निकलते ही इस नाम पर ओके रिपोर्ट लग गई।

### वो लड़ रहे हैं चुनाव और उनका मजबूत है सियासी इतिहास



**करंट क्राइम।** सिंहराज गठबंधन उम्मीदवार हैं। वो जाति से जाटव हैं और वो लाइनपार क्षेत्र के प्रताप विहार इलाके के रहने वाले हैं। उनका अपना बिजनेस हैं और वो स्नातक शिक्षित हैं। वो जीडीए बोर्ड सदस्य रहे हैं। नगर निगम के पूर्व पार्षद रहे हैं। वो अपने पुराने सियासी दल में मेरठ मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी, उत्तराखण्ड के पूर्व प्रदेश प्रभारी, मुरादाबाद व बरैली मंडल के पूर्व मुख्य कोर्डिनेटर रहे हैं। पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य रहे हैं। 18 वर्षों का उनका सियासी ट्रेक है। बड़ी बात ये है कि सिंहराज दलित समाज का ऐसा चेहरा माने जाते हैं जिनकी अपने समाज में पकड़ है। यहां सपा कांग्रेस उनसे उम्मीदें लगा सकती है क्योंकि वो यहां दलितों के वोट बैंक में मजबूत सेंध लगाएंगे। वो मजबूत पकड़ वाला चेहरा माने जाते हैं।

# नामांकन प्रक्रिया का आखिरी दिन आज

## पर्चा भरेंगे भाजपा वाले और साइकिल वाले साथ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विधानसभा सीट-56 उपचुनाव के नामांकन का शुक्रवार को अंतिम दिन है। इस विधानसभा सीट पर अब तक कई प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। तो वहीं अब तक कुल 27 नामांकन पत्र विक्रय किए जा चुके हैं। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी के साथ ही कई अन्य निर्दलीय प्रत्याशी भी नामांकन के अंतिम दिन पर्चा भरने का काम करेंगे। नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन को लेकर यहां शुक्रवार को बड़ी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। तो वहीं बड़ी संख्या में नेताओं और मीडिया भी नामांकन कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहेंगे।

### अब तक 27 नामांकन पत्र बिके




### बसपा , असपा सहित निर्दलियों ने किया नामांकन

**करंट क्राइम।** गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी से परमानंद गर्ग, आजाद समाज पार्टी सतपाल चौधरी के साथ ही रूपेश चंद्र, धर्मेंद्र सिंह राष्ट्रीय लोकजन पार्टी द्वारा नामांकन किया गया है।

### गुरुवार को संजीव शर्मा, सिंह राज, अभिषेक गर्ग ने खरीदे नामांकन फॉर्म

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद विधानसभा-56 सीट पर हो रहे उपचुनाव को लेकर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से संजीव शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा ने नामांकन पद खरीदने का काम किया है। तो वहीं विशाल वर्मा पुत्र गोपीचंद्र वर्मा ने समाजवादी पार्टी, दीपक यादव पुत्र सतपाल यादव निर्दलीय, सिंह राज पुत्र सुखपाल सिंह समाजवादी पार्टी, सुधीर पुत्र दीपचंद निर्दलीय, अभिषेक गर्ग पुत्र महेशचंद्र गर्ग ने निर्दलीय नामांकन पत्र खरीदने का काम किया है। बता दें कि 24 अक्टूबर तक कुल 27 नामांकन पत्र अलग-अलग प्रत्याशियों द्वारा खरीदने का काम किया जा चुका है।

### आज रहेगा सुरक्षा का कड़ा पहरा

**करंट क्राइम।** आज 25 अक्टूबर है और विधानसभा सीट गाजियाबाद-56 उपचुनाव के लिए नामांकन का अंतिम दिन है। नामांकन के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी, सपा कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी के साथ ही कई अन्य निर्दलीय प्रत्याशी भी नामांकन पत्र भरने का काम करेंगे। इस लिहाज से जिला मुख्यालय, पुलिस ऑफिस और नामांकन कार्यालय के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। इसके साथ ही पुलिस के कई आलाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी भी यहां ड्यूटी को अंजाम देंगे।

# दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के कॉरिडोर से लेकर लाइनपार में पानी की समस्या का निदान करना रहेगी संजीव शर्मा की प्राथमिकता

## कहा मैंने घूमा है शहर का कोना-कोना, समस्याएं देखकर करवाऊंगा हर हाल में हल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विधानसभा सीट-56 पर होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी की ओर से संजीव शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। उनके नाम की घोषणा होने के बाद वह गुरुवार को सबसे पहले गाजियाबाद के प्राचीन शिव मंदिर और आस्था का केंद्र कहे जाने वाले दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में पहुंचे। उन्होंने यहां पूजन और जलाभिषेक किया। साथ ही महंत नारायण गिरी से आशीर्वाद लिया। इसके बाद भाजपा कार्यालय पहुंचे संजीव शर्मा ने दैनिक करंट क्राइम के वरिष्ठ संवाददाता गौरव शशि नारायण से बातचीत करते हुए कहा है कि गाजियाबाद शहर की जो समस्याएं हैं, उनको दूर करवाना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। संजीव शर्मा ने यह भी बताया कि वह बीते पांच सालों से महानगर अध्यक्ष होने के नाते शहर की गली-गली और कोने-कोने में जाते हैं। उनको यहां की समस्याएं पता हैं। सांसद, विधायक, महापौर और जनप्रतिनिधियों ने जो समस्याएं दूर कर दी हैं, उनको और बेहतर बनाने का प्रयास होगा। इस दौरान उन्होंने कहा है कि गाजियाबाद के दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के लिए कॉरिडोर बनवाने के साथ ही लाइनपार विजयनगर के लोगों को पीने योग्य साफ पानी उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि वह गाजियाबाद सीट के अंतर्गत आने वाले इलाकों की जो प्रमुख समस्याएं हैं, उनके समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।





### बनेगा दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर कॉरिडोर

**करंट क्राइम।** दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर शहर के लिए आस्था का प्रतीक है और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब भी गाजियाबाद आते हैं तो वह अपने भाषण और किसी भी सभा की शुरूआत भगवान दूधेश्वरनाथ का नाम लेकर ही शुरू करते हैं। वहीं टिकट की घोषणा होने के बाद संजीव शर्मा ने कहा है कि उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा कि शहर के दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के लिए एक कॉरिडोर बनाया जाए ताकि यहां आने वाले भक्तों और खासकर सावन और शिवरात्रि-महाशिवरात्रि जैसे पर्वों पर शिव भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इसके लिए एक कॉरिडोर बनाया जाएगा, वह इसका प्रस्ताव आने वाले समय में रखेंगे ताकि इसे समय रहते स्वीकृति प्रदान कर पूरा कराया जा सके।

### प्रमुख समस्याओं के समाधान में आगे रहने का किया वादा

**करंट क्राइम।** भाजपा के प्रत्यशी संजीव शर्मा को विधानसभा सीट- 56 उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने घोषित किया है। तो उन्होंने अभी से जनता को राहत पहुंचाने और उनकी समस्याओं के समाधान करने के लिए फोकस करने का प्लान बना लिया है। संजीव शर्मा ने उनके नाम की घोषणा होने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि वह बीते पांच सालों से महानगर अध्यक्ष हैं। शहर के सभी इलाकों में आना-जाना और घूमने होता रहता है। उन्होंने कहा वैसे तो गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों द्वारा तमाम विकास कार्य और सुधार कार्य कराए गए हैं लेकिन जो आवश्यकता है उसे वह जरूर पूरा करने का काम करेंगे।

### बड़ी आबादी को पानी की सुविधा दिलाना है महत्वपूर्ण मिशन



**करंट क्राइम।** दैनिक करंट क्राइम से बातचीत करते हुए संजीव शर्मा ने कहा है कि शहर विधानसभा के अंतर्गत लाइनपार का इलाका आता है। लाइनपार इलाके में लाखों की आबादी रहती है और आज भी इस इलाके में पीने योग्य पानी की समस्या एक बड़ा मुद्दा रहता है। उन्होंने कहा है कि उनकी कोशिश रहेगी कि जल्द से जल्द लोगों को पीने योग्य पानी हर घर और नल तक उपलब्ध कराया जाए ताकि लोग डिब्बाबंद पानी और बाजार के पानी पर निर्भर ना रहे। वहीं संजीव शर्मा ने कहा कि वैसे गंगाजल काफी इलाकों में उपलब्ध हो रहा है लेकिन इसको घर-घर तक पहुंचाने का वह जल्द से जल्द प्रयास करना शुरू कर देंगे।

## संपादकीय

# आय वृद्धि की चुनौती

भारतीय अर्थव्यवस्था का उत्तरोत्तर विस्तार हो रहा है और इसकी वृद्धि दर विश्व में सर्वाधिक है लेकिन उस अनुपात में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी नहीं हो रही है वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के संकल्प को साकार करने के लिए आवश्यक है कि आय में निरंतर उल्लेखनीय वृद्धि हो यह एक बड़ी चुनौती है. विश्व बैंक ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा है कि अमेरिका के प्रति व्यक्ति आय के एक-चौथाई स्तर तक पहुंचने में भारत को 75 वर्ष लग सकते हैं. इसका अर्थ यह हुआ कि इस सदी के अंत तक ही हम विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ सकेंगे।

विश्व बैंक ने भारत, चीन समेत कई देशों को आगाह किया है कि मध्य आय के स्तर पर ठिठके रहने से बचने के लिए उन्हें ठोस उपाय करने होंगे. जिन देशों की प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) 1,1136 से 13,845 डॉलर के बीच है, उन्हें मध्य आय वाले देश कहा जाता है भारत में यह अभी 2,500 डॉलर है, जो इस श्रेणी की उच्च सीमा से बहुत कम है ऐसे में भारत लंबे समय तक इस श्रेणी में फंसा रह सकता है. उल्लेखनीय है कि कई देशों के साथ-साथ भारत में भी प्रजनन दर घट रही है और कुछ ही दशक में कामकाजी आयु के लोगों की संख्या में कमी आने का सिलसिला शुरू हो जायेगा. इसके अलावा जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संकट के कारण पैदा होने वाली समस्याओं की भी गंभीर चुनौती है।

साल 1990 से अब तक केवल 34 मध्य आय वाले देश ही उच्च आय श्रेणी में पहुंच सके हैं. इनमें एक-तिहाई ऐसे देश हैं, जो यूरोपीय संघ में शामिल होने के कारण विकसित हुए हैं या उनके यहां तेल के भंडार मिले. मध्य आय श्रेणी से बाहर निकलने के लिए भारत को डॉलर मूल्य में आठ प्रतिशत की नॉमिनल दर से 2047 तक बढ़ोतरी करनी होगी. इस प्रक्रिया में मौजूदा और भावी मुश्किलों के साथ-साथ अचानक आये संकट भी बाधा बन सकते हैं. उदाहरण के लिए, कुछ साल पहले आयी कोरोना महामारी का असर अभी भी बना हुआ है. उस दौर में विकास दर में बड़ी कमी आयी थी। बीते 25 वर्षों में नॉमिनल वृद्धि दर नौ प्रतिशत रही है, पर इसे आगे जारी रखने के लिए कुछ विशेष प्रयत्नों की आवश्यकता है. विश्व बैंक ने इसके लिए निवेश, विदेशी तकनीक और अन्वेषण पर जोर देने की सलाह दी है. इन कारकों ने विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, लेकिन आगे भी ऐसा ही होगा, यह कह पाना मुश्किल है. इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ शिक्षा, संस्थान, स्वास्थ्य आदि पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता अब और बढ़ गयी है. शोध एवं अनुसंधान को भी गति देने की जरूरत है. यह सब कठिन है, पर असंभव नहीं।

# बाजार से 20-25 प्रतिशत कम दाम पर मिलेंगी दालें, 'भारत दाल' के दूसरे चरण की हुई शुरूआत

**नई दिल्ली।** भारत में दालों की कीमतों में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसी बीच भारत ब्रांड के तहत सरकार देश में बाजार से 20 से 25 प्रतिशत कम कीमत पर सस्ती दाल उपलब्ध करवा रही है। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने अपने सब्सिडी वाले दाल कार्यक्रम का विस्तार करते हुए साबुत चना और मसूर दाल को कम दाम पर उपलब्ध करवाने की पेशकश रखी है। सरकार की इस पहल के साथ चना, मूंग और मसूर दाल को कीमतों में छूट के साथ खरीदा जा सकेगा। इन दालों की खरीदारी कॉपरेटिव रिटेल नेटवर्क और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से की जा सकेगी। साबुत चना 58 रुपये प्रति किलोग्राम, चना दाल 70 रुपये प्रति किलोग्राम, मूंग दाल 107 रुपये प्रति किलोग्राम, साबुत मूंग दाल 93 रुपये प्रति किलोग्राम और मसूर दाल को 89 रुपये प्रति किलोग्राम कीमत पर खरीदा जा सकेगा। 'भारत दाल' के तहत मोबाइल वैन के जरिए बिक्री की जाएगी। 'भारत दाल' के दूसरे चरण



की शुरूआत को लेकर केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, यह पहल उपभोक्ताओं को किफायती मूल्य पर आवश्यक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि है। राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ), राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) और केंद्रीय भंडार जैसी सहकारी समितियों और अन्य चैनलों के माध्यम से यह सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। 'भारत दाल' पहल के दूसरे चरण के तहत सरकार मूल्य स्थिरता बनाए रखने के लिए अपने बफर स्टॉक से दालें बेच रही है। सरकार ने खुदरा हस्तक्षेप के जरिए वितरण के लिए 3 लाख टन चना और 68,000 टन मूंग आवंटित किया है। 'भारत दाल' की बिक्री दोबारा शुरू होने के साथ त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं के लिए सप्लाई बढ़ने की भी उम्मीद की जा रही है। इसके अलावा, सस्ती सब्जियों की बिक्री के लिए सरकार ने एनसीसीएफ और नेफेड के माध्यम से मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए रबी फसल से 4.7 लाख टन प्याज खरीदा है। सरकार ने 5 सितंबर से बफर से प्याज का निपटान शुरू किया और अब तक 1.15 लाख टन बेचा जा चुका है। एनसीसीएफ ने 21 राज्यों में 77 केंद्रों और नेफेड ने 16 राज्यों में 43 केंद्रों पर प्याज बेचा है।

## सीमित दायरे में खुला शेयर बाजार, एफआईआई की निरंतर बिकवाली बन रही चुनौती



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को सीमित दायरे में खुला। शुरूआती कारोबार में ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विसेज और फार्मा सेक्टर में खरीदारी देखने को मिली। सेंसेक्स 112.95 अंक या 0.14 प्रतिशत चढ़ने के बाद 80,194.93 पर और निफ्टी 29.80 अंक या 0.12 प्रतिशत की तेजी के बाद 24,465.30 पर कारोबार की शुरूआत कर रहा है। बाजार का रुझान मिश्रित बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 679 शेयर हरे, जबकि 854 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी बैंक 217.95 अंक या 0.43 प्रतिशत चढ़ने के बाद के 51,456.95 पर है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 79.15 अंक या 0.14 प्रतिशत फिसलने के बाद 56,454.40 स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 31.75 अंक या 0.17 प्रतिशत चढ़ने के बाद 18,317.95 पर है। सेंसेक्स पैक में एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा, एचसीएल टेक, टाटा मोटर्स, बीईएल और अदाणी पोर्ट्स टॉप गेनर्स थे। वहीं, हिंडाल्को, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, एसबीआई लाइफ और नेस्ले इंडिया टॉप लूजर्स थे। एशियाई बाजारों की बात करें तो शंघाई, हांगकांग और जकार्ता के बाजार लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। वहीं, जापान और बैंकॉक के बाजार लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी शेयर बाजार बीते कारोबारी दिन लाल निशान पर बंद हुए थे।

# लॉजिस्टिक्स फर्म शिपरॉकेट को वित्त वर्ष 2024 में हुआ 595 करोड़ रुपये का घाटा

**नई दिल्ली।** लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन कंपनी शिपरॉकेट वित्त वर्ष 2024 में नुकसान में रही। कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शिपरॉकेट ने इस अवधि के दौरान 595 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया है, जो वित्त वर्ष 2023 में हुए 340 करोड़ रुपये के घाटे से 75 फीसद अधिक है। कंपनी ने अपनी फाइलिंग में कहा कि 595 करोड़ रुपये का पीएटी मुख्य रूप से तीन प्रमुख कारकों से प्रेरित है। इसमें अधिग्रहित संस्थाओं से संबंधित 244 करोड़ रुपये का एकमुश्त पुनर्गठन और एकीकरण से जुड़ा लेखांकन प्रभाव, 192 करोड़ रुपये की कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजना और उभरते व्यवसायों, ओवरहेड्स और क्षमता निर्माण में निवेश




शामिल रहा। शिपरॉकेट लाभ कमाने से काफी दूर है, बावजूद इसके कंपनी के एमडी और सीईओ साहिल गोयल ने दावा किया कि उन्होंने नकद ईबीटा को 48 प्रतिशत तक घटा दिया है। जिससे यह वित्त वर्ष 2023 में 191 करोड़ रुपये से घटकर वित्त वर्ष 24 में 100 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 के लिए सालाना आधार पर 21 प्रतिशत राजस्व वृद्धि दर्ज की, जो 1,316 करोड़ रुपये के साथ मील का पत्थर साबित हुआ। कंपनी का कहना है कि वित्त वर्ष 2025 की पहली दो तिमाहियां कंपनी के लिए लाभदायक रही हैं। इसी के साथ कंपनी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025 तक कंपनी पूरी तरह से लाभ कमाने की राह पर होगी। गोयल ने कहा, इस वर्ष हमारा ध्यान कारोबार को स्थायी रूप से बढ़ाने तथा अत्याधुनिक तकनीकी समाधान लॉन्च करने पर रहा है, जो स्मॉल और मीडियम साइज बिजनेस के लिए ई-कॉमर्स को सरल बनाते हैं। उन्होंने कहा, 1.5 लाख से अधिक सक्रिय विक्रेताओं और हमारे प्लेटफॉर्म के माध्यम से तीन अरब डॉलर से अधिक के वार्षिक जीएमवी के साथ, हमें भारत के ई-कॉमर्स इकोसिस्टम के 5 प्रतिशत को संचालित करने पर गर्व है। 2021 में, शिपरॉकेट ने जोमैटो, टेमासेक और लाइट रॉक इंडिया के सह-नेतृत्व में सीरीज ई राउंड में 185 मिलियन डॉलर जुटाए थे। अगस्त 2022 में यह यूनिकॉर्न बन गया। लॉजिस्टिक्स टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म ने डीटूसी ब्रांडों और एसएमई ई-टेलर्स के लिए ई कॉमर्स सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस प्लेटफॉर्म पिकर में लगभग 200 मिलियन डॉलर (लगभग 1,560 करोड़ रुपये) की हिस्सेदारी हासिल की थी।

# चार वर्षों में भारत में 2,500 ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर स्थापित होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारत में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। इसी बीच एक नई रिपोर्ट के अनुसार, अगले चार वर्षों में देश में 2,500 ऐसे केंद्र स्थापित होने का अनुमान है, जिनका कार्यालय स्थान 300 मिलियन वर्ग फुट से अधिक होगा। देश में वर्तमान में 1800 से अधिक जीसीसी हैं, जो टॉप सात शहरों में 240 मिलियन वर्ग फुट ग्रेड ए कार्यालय स्थान पर स्थित हैं। इस संख्या के साथ भारत ग्लोबली जीसीसी को लेकर अग्रणी बना हुआ है। रियल एस्टेट सलाहकार फर्म जेएलएल इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 से देश में मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, कोलकाता, बेंगलुरु, चेन्नई और पुणे सहित अन्य स्थानों पर 100 नए केंद्र स्थापित किए गए हैं।




## आज दिखाना होगा फोर्स को दम

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में आज उपचुनाव वाले नामांकन का आखिरी दिन है। नामांकन के आखिरी दिन दो प्रमुख पर्टियों के नेता और कई अन्य प्रत्याशी के चेहरे नामांकन करेंगे। उम्मीद की जा रही है नामांकन की अंतिम दिन भीड़ और शोर ज्यादा देखने व सुनने को मिलेगा। वैसे भी नामांकन के दौरान अब तक सिटी जोन वाले साहब नजर नहीं आए हैं। तो नोडल वाले प्रभारी भी एक ही दिन राउंड पर देखे गए थे। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि शुक्रवार को सब शांत रहेगा। इसके लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहेगा। वहीं सुनने में यहां तक आ रहा है कि इलाके वाले साहब से लेकर थाने वाले प्रभारी और फोर्स की मुस्तैदी रहेगी। वहीं अलग-अलग ड्यूटी स्थानों पर जो तैनाती रहती है, उसको लेकर भी अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। वहीं सूत्रों ने बताया है कि कमिश्नरेट वाले सिस्टम में नामांकन के दौरान किसी प्रकार की आचार संहिता का उल्लंघन ना हो इस बात का भी पालन करने का जोर देखने को मिलेगा। वहीं पुलिस की कोशिश रहेगी कि नामांकन के अंतिम दिन पक्ष और विपक्ष वालों को एक जैसा




प्रोटोकॉल मिले, यह भी दिखाने का प्रयास शत प्रतिशत किया जाएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि देखना होगा कि शुक्रवार को कौन-कौन अधिकारी यहां नजर आता है और नामांकन के अंतिम दिन वाला माहौल क्या रहता है। कौन कितनी देर नजर आएगा और कैान कितना लोड लेगा। वैसे लोकल सूत्र बता रहे हैं कि सब कुछ इस दौरान ऑल इज वाली स्थिति में निपट जाएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि शुक्रवार को फोर्स पूरे दम के साथ मुस्तैद रहेगी। पुलिस के सूत्रों से जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक बताया जा रहा है कि जिन पॉइंट पर बीते छह दिनों के दौरान पुलिस बहुत लाइट मोड में तैनात रही है आज वहां का मोड हाईलाइट रहने वाला है। जो पुलिसकर्मी आराम से मोबाइल और छांव का आनंद लेते थे, आज उनको एक्शन मोड में ड्यूटी करनी होगी। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि आज कई प्रमुख अधिकारी व फेस भी यहां तैयारी और व्यवस्था का जायजा देखते हुए मिलेंगे, ऐसी जानकारी सूत्रों के द्वारा दी गई है। कुल मिलाकर आज नामांकन का लास्ट डे है देखना है हाल कैसा रहता है।

## राशिफल

**मेष:** आज सिर्फ बैठने के बजाय कुछ ऐसा करें जिससे आपकी कमाई बढ़ सके। पारिवारिक जीवन को पर्याप्त समय और ध्यान दें।

**वृष:** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। पूरा दिन नई ऊर्जा से भरा रहेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा। धन के मामले में प्रगति होगी।

**मिथुन:** आज कोई आपकी छवि खराब कर सकता है, इसलिए लापरवाही न करें। आपका जीवन साथी थोड़ा अजीब व्यवहार कर सकता है।

**कर्क:** अपने सकारात्मक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास के कारण अपने आसपास के लोगों को प्रभावित करेंगे। अतिरिक्त पैसा रियल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है।

**सिंह:** आज आपका दिन ठीक रहेगा। कुछ कार्यों में थोड़ा विलंब हो सकता है। इस राशि के लव पार्टनर के जीवन में उतार-चढ़ाव आ सकता है।

**कन्या:** आज कोशिश करें कि किसी भी तरह का जोखिम न लें। व्यापार स्थल पर माहौल अनुकूल रहेगा। योजनाओं से जुड़ने का मौका मिलेगा।

**तुला:** मित्रों के सहयोग से आर्थिक परेशानी दूर होगी। परिवार के सदस्य या जीवन साथी तनाव का कारण बन सकते हैं। प्यार के मामले में सामाजिक बंधनों को तोड़ने से बचें।

**वृश्चिक:** दिन अच्छा बीतेगा। लोगों के बीच आपकी एक अलग छवि बनेगी। पार्टनर के साथ डिनर पर जा सकते हैं। लंबी दूरी की यात्रा सफल और सार्थक होगी।

**धनु:** बड़े और प्रतिष्ठित लोगों से मेलजोल बढ़ सकता है। दूसरों के मामले में अपनी राय व्यक्त करने से भी बचना चाहिए। जीवनसाथी के संबंधों में उतार-चढ़ाव आ सकता है।

**मकर:** आपके कंधों पर बहुत कुछ है और निर्णय लेने के लिए स्पष्ट सोच आवश्यक है। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी लेकिन आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित होगी।

**कुंभ:** आज रहेगा फिट और तंदुरुस्त। आपकी कलात्मक क्षमता का विकास होगा। कोई शुभ समाचार मिलेगा। संतान सुख की प्राप्ति होगी।

**मीन:** आज ऐसी जानकारी को उजागर न करें जो व्यक्तिगत और गोपनीय हो। आज आपके करियर में तरक्की के रास्ते खुलेंगे। आपकी हर जगह प्रशंसा होगी।

## चुटकुले

साइंस की क्लास चल रही थी और पप्पू सो रहा था।
टीचर- पप्पू क्या हो रहा है ये सब
पप्पू- कुछ नहीं सर
टीचर- क्लास में सो रहे हो क्या ?
पप्पू- नहीं, सर गुरुत्वाकर्षण से सर नीचे गिर रहा है।
पप्पू की बात सुनकर टीचर मन ही मन हंसने लगा।

---

टिंकू को परेशान देखकर पिंकू ने उससे पूछा
क्या हुआ भाई आज इतने परेशान क्यों हो?
टिंकू- यार आज धमकी भरा लेटर मिला है।
उसमें लिखा है... मेरी बीवी से इश्क फरमाना छोड़ दो,
नहीं तो तुमको गोली से उड़ा दूंगा।
पिंकू- इसमें इतना परेशान होने वाली क्या बात हैं,
छोड़ दो उसकी बीवी को।
टिंकू- लेटर में नाम नहीं लिखा, इसलिए समझ नहीं
आ रहा,किसकी बीवी से इश्क फरमाना बंद करना हैं।
फिर क्या था पिंकू की हंसी बंद नहीं हो रही।

## रोचक तथ्यों का करंट

- बिना सिर के कॉकरोच एक सप्ताह तक जीवित रह सकता है।
- पानी में नमक डालने पर पानी का स्तर नीचे हो जाता है।
- पानी के संपर्क में आने पर कुछ धातुओं में विस्फोट होता है।
- क्या आपको पता है कि डीएनए एक अग्निरोधी भी है।
- सोते समय हमें गंध का पता नहीं चलता है।
- हवाई हर साल अलास्का के करीब 7.5 सेमी बढ़ रहा है
- दुनिया में 11 प्रतिशत लोग बाएं हाथ का इस्तेमाल करते हैं।
- अगस्त में सबसे ज्यादा लोग पैदा होते हैं।
- खाने का स्वाद उसमें सलाइवा (लार) मिलने के बाद ही आता है।
- औसतन लोग बिस्तर में जाने के 7 मिनिट में सो जाते हैं।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- शुतुरमुर्ग की आंख उसके दिमाग से बड़ी होती है।
- नींबू में स्ट्राबेरी के मुकाबले अधिक शक्कर होती है।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- दुनिया के 85 प्रतिशत पौधे समुद्र के अंदर होते हैं।
- हवायन अल्फाबेट सिर्फ 13 होते हैं।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# सुंदर के 7 विकेट ने न्यूजीलैंड को 259 पर समेटा, भारत 16/1

**पुणे ।** ऑफ स्पिनर वाशिंगटन सुंदर और रविचंद्रन अश्विन ने घातक गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड को दूसरे टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को पहली पारी में 259 रन पर समेट दिया। भारत ने इसके जवाब में दिन का खेल समाप्त होने तक कप्तान रोहित शर्मा का विकेट खोकर 11 ओवर में 16 रन बना लिए हैं। स्टंप्स के समय यशस्वी जायसवाल 6 और शुभमन गिल 10 रन बनाकर नाबाद थे। भारत अभी न्यूजीलैंड के स्कोर से 243 रन पीछे है।

आज का दिन वॉशिंगटन सुंदर के नाम रहा, जिन्होंने ना सिर्फ. भारतीय टेस्ट टीम में लंबे समय बाद वापसी की, बल्कि सात विकेट लेकर अपने चयन को एकदम सही साबित किया। सुंदर ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 23.1 ओवर में 59 रन 7 विकेट लिए। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89 पर 3 विकेट था। अश्विन ने न्यूजीलैंड की पारी के पहले तीनों विकेट निकाले। उन्होंने 24 ओवर में 64 रन देकर 3 विकेट झटके। दोनों ऑफ स्पिनर ने कीवी पारी के




सभी 10 विकेट अपने नाम किए।

न्यूजीलैंड एक समय 3 विकेट पर 197 रन बनाकर बड़े स्कोर की तरफ अग्रसर दिखाई दे रहा था लेकिन इसके बाद सुंदर ने अपना कमाल दिखाते हुए एक के बाद एक विकेट निकाले और मेहमान टीम की पारी को टी ब्रेक के बाद 79.1 ओवर में 259 रन पर समेट दिया। न्यूजीलैंड की तरफ से ओपनर डेवोन कॉन्वे ने सबसे ज्यादा 76, रचिन रवींद्र ने 65 और मिचेल सैंटनर ने 33 रन बनाए।

भारतीय टेस्ट इतिहास में यह पहली बार है जब टीम के दोनों ऑफ स्पिनर ने सभी 10 विकेट झटके हैं। तमिलनाडु के उंगलियों के दो ऑफ स्पिनरों ने कमाल का प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड ने सुबह टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लंच तक न्यूजीलैंड ने दो विकेट खोकर 92 रन बनाए थे। दूसरे सत्र में मेहमान टीम ने तीन विकेट गंवाए और उसका स्कोर 201 पहुंचा लेकिन तीसरे सत्र में उसकी पारी सिमट गई।

सुबह, कॉनवे और कप्तान टॉम लैथम ने आपस में पांच चौके लगाए, इससे पहले कि बाद में अश्विन ने उन्हें आउट कर दिया, जिन्होंने लेग-स्टंप पर पिचिंग के बाद लेंथ बॉल को सीधा किया और बाएं हाथ के बल्लेबाज को 22 गेंदों पर 15 रन पर एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया।

कॉनवे और विल यंग ने कुछ आसान सिंगल लिए, जबकि बीच-बीच में बाउंड्री लगाते हुए दूसरे विकेट के लिए 44 रन की साझेदारी की। अश्विन ने फिर यंग को लेग पर कैच कराया और शॉर्ट लेग पर खड़े सरफराज खान ने कप्तान रोहित शर्मा को रिव्यू लेने के लिए उकसाया।

# तमिल थलाइवाज ने रोका गत चैंपियन पुनेरी पलटन का विजय रथ

**हैदराबाद ।** तमिल थलाइवाज ने बुधवार को हैदराबाद के गाचीबावली में जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में पुणेरी पल्टन के खिलाफ शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन किया और शानदार जीत दर्ज की। तमिल थलाइवाज ने 35-30 के स्कोर के साथ मैच जीता, जिससे पुणेरी पल्टन का पीकेएल सीजन 11 तक 14 मैचों का अपराजित सिलसिला खत्म हो गया।

शुरूआती दौर में तमिल थलाइवाज ने बेहतर प्रदर्शन किया, क्योंकि उन्होंने मुकाबले के पहले पांच मिनट में ही 5 अंकों की बढ़त बना ली थी। इस समय नरेंद्र कंडोला और नितेश कुमार सबसे ज्यादा नुकसान कर रहे थे। हालांकि, तभी मोहित गोयत ने मोर्चा संभाला और तेजी से अंक हासिल करते हुए पुनेरी पलटन को मुकाबले में वापस लाने में मदद की।

जैसे-जैसे हाफ खत्म होता गया, तमिल थलाइवाज ने अपने विरोधियों को पीछे छोड़ना जारी रखा। हाफ के



अंतिम चरण में सचिन ने पुनेरी पलटन को ऑल आउट कर दिया, जिससे तमिल थलाइवाज को अपनी बढ़त बढ़ाने में मदद मिली। तमिल थलाइवाज के लिए सचिन और नरेंद्र कंडोला आगे चल रहे थे, जबकि मोहित गोयत ने गत चैंपियन के लिए अधिकांश अंक बटोरे। हाफ-टाइम ब्रेक के समय, तमिल थलाइवाज 19-15 के स्कोर के साथ मुकाबले में आगे चल रहा था।

तमिल थलाइवाज ने दूसरे हाफ की शानदार शुरूआत की और दूसरे हाफ के पहले भाग में गति उनके पक्ष में रही। लेकिन पुनेरी पलटन की टीम ने उनके लिए यह आसान नहीं बनाया, क्योंकि उन्होंने कड़ी टक्कर दी और मुकाबले में वापसी की। दूसरे हाफ के मध्य चरण के करीब पहुंचने पर तमिल थलाइवाज की बढ़त 4 अंकों तक कम हो गई थी और मोहित गोयत ने अपना सुपर 10 पूरा कर लिया था।

# क्या ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मयंक यादव को मिल सकता है मौका

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2024 में 150 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से धमाल मचाने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव को पहली बार भारत की टीम में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में शामिल किया गया था। इस मौके को पूरी तरह भुनाने के बाद उन्हें अब टेस्ट टीम में भी जल्द एंट्री मिल सकती है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान अगले कुछ दिनों में हो जाएगा, लेकिन सबसे ज्यादा नजरें इस बात पर रहेंगी कि क्या स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस दौरे पर जाने के लिए फिट हो पाएंगे?, वहीं इस दौरे के लिए मयंक यादव का नाम भी सामने आ रहा है, जिन्हें अपने टेस्ट डेब्यू का बेसब्री से इंतजार होगा। शमी की वापसी पर संदेह बना हुआ है। ऐसे



में मयंक यादव को भी मौका मिल सकता है।

उनके अनुभव की कमी तो टीम इंडिया को खलेगी ही लेकिन भरपाई करने के लिए कई दावेदार भी लाइन में हैं। आकाशदीप का नाम इसमें सबसे आगे है लेकिन पूर्व ऑस्ट्रेलियाई पेसर ब्रेट ली का मानना है कि टीम इंडिया को युवा पेसर मयंक यादव पर दांव चलना चाहिए।

ली ने फॉक्स क्रिकेट के ह्यद फॉलो ऑन पॉडकास्ट पर कहा, अगर शमी ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट खेलने के लिए समय पर तैयार नहीं होते हैं, तो भारत युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव के साथ जा सकता है, जिन्होंने आईपीएल 2024 से एक शानदार ब्रेकआउट स्टार्ट किया। उसके बाद इस महीने बांग्लादेश के खिलाफ उनका टी20 डेब्यू भी शानदार रहा। यादव न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम के लिए दौरे पर जाने वाले रिजर्व खिलाड़ियों में से एक हैं।

उन्होंने कहा, वह एक पूरा पैकेज है और अभी बिल्कुल फ्रेश टैलेंट है। लेकिन अगर मोहम्मद शमी तैयार नहीं हैं ।

# मीर हमजा कराची में पुनर्वास के लिए पाकिस्तान की टेस्ट टीम से बाहर

**मुल्तान ।** पाकिस्तान ने तेज गेंदबाज मीर हमजा को कराची में पुनर्वास जारी रखने की अनुमति देने के लिए अपनी टेस्ट टीम से बाहर कर दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने रावलपिंडी में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक टेस्ट के पहले दिन यह घोषणा की।

हमजा अपने दाहिने ग्लूट में दर्द से जूझ रहे थे। तीसरे टेस्ट से पहले वे टीम के किसी भी सत्र में प्रशिक्षण का हिस्सा नहीं थे और मंगलवार को उन्हें पाकिस्तान टीम के फिजियोथेरेपिस्ट के साथ बैंड पुनर्वास अभ्यास करते देखा गया।



बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को पहले और अंतिम दो टेस्ट के लिए टीम में शामिल किया गया था, लेकिन श्रृंखला के दौरान किसी भी समय प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया। पाकिस्तान के लिए उनका आखिरी प्रदर्शन रावलपिंडी में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट में था। 32 वर्षीय इस खिलाड़ी ने 42.08 की औसत से 12 विकेट लिए हैं।

शुरूआत में पाकिस्तान ने तीन तेज गेंदबाजों- नसीम शाह, शाहीन अफरीदी और आमिर जमाल को खिलाया। हालांकि, बाद में उन्होंने तीन विशेषज्ञ स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज जमाल को चुना, ताकि स्पिन के अनुकूल परिस्थितियों का सामना किया जा सके।

# द.अफ्रीका से मिली हार के बाद शांतो का टीम पर फूटा गुस्सा

**ढाका ।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 7 विकेट से मिली हार के बाद अपनी टीम से काफी निराश दिखे। साथ ही उन्होंने टीम से अगले मुकाबले में एकजुट प्रयास करने की अपील की।

जीत के लिए 106 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही दक्षिण अफ्रीका को चौथी पारी में टोनी डीजो जोरजी के 41 और ट्रिस्टन स्टब्स के नाबाद 30 रनों की मदद से ज्यादा परेशानी नहीं हुई और उन्होंने सात विकेट से मैच जीत लिया।



पोस्ट मैच कॉन्फ्रेंस में शांतो ने कहा, हम एक टीम के रूप में हार गए। हम किसी एक की बात नहीं कह रहे हैं, लेकिन हम एक टीम के रूप में बुरी तरह फ्लॉप हुए हैं। सबसे पहले, हमें बल्लेबाजी समूह के रूप में जिम्मेदारी लेने की जरूरत है, खासकर नई गेंद के खिलाफ हमें अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

मेहदी ने बांग्लादेश की दूसरी पारी में 97 रन बनाए और मेजबान टीम को मैच में वापसी करने में मदद की। यह टीम पहली पारी में 202 रन से पिछड़ गई थी। मेहदी की पारी ने बांग्लादेश को उम्मीद की किरण दिखाई और शांतो ने दबाव में उनके जज्बे की तारीफ की।

मेहदी ने मैच के दौरान एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी हासिल की, वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के एक संस्करण में 500 रन बनाने और 30 विकेट लेने वाले बेन स्टोक्स और रवींद्र जडेजा के बाद केवल तीसरे खिलाड़ी बन गए।

मीरपुर में मिली हार बांग्लादेश की लगातार तीसरी टेस्ट हार है, इससे पहले उसने भारत से 2-0 से सीरीज हारी थी। दूसरा टेस्ट 29 अक्टूबर से चटगांव में खेला जाएगा।

# सैफ महिला चैंपियनशिप- हम और मजबूत होकर उभरने के लिए तैयार हैं: मुख्य कोच संतोष कश्यप

**काठमांडू ।** मुख्य कोच संतोष कश्यप ने कहा कि टीम सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 के एक महत्वपूर्ण ग्रुप-स्टेज मैच में बांग्लादेश से 3-1 से हारने के बाद और मजबूत होकर उभरने के लिए तैयार है।

स्टेडियम के विपरीत छोर पर समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे इस हाई-स्टेक मुकाबले के लिए एक शानदार माहौल बन गया। लेकिन जैसे ही अंतिम सीटी बजी, केवल बांग्लादेश के प्रशंसक ही थे, जो अपनी टीम की 3-1 की जीत की सराहना कर रहे थे।

यह नजारा 2022 सैफ महिला चैंपियनशिप जैसा ही था, जहां भारत को बांग्लादेश से 3-0 से हार का सामना करना पड़ा था।

मैच के बाद हेड कोच संतोष कश्यप ने कहा, दोनों टीमों ने शानदार



**भारतीय महिला टीम मैच में अपनी प्रतिष्ठा को फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक थी लेकिन मुकाबला कुछ इस तरह से हुआ जिसकी उम्मीद कम ही लोगों ने की थी पहले हाफ में बांग्लादेश के लगातार तीन गोल भारत की लय तोड़ने के लिए काफी थे**

खेल दिखाया और उच्च स्तरीय फुटबॉल खेला। हम बदकिस्मत रहे क्योंकि हमने कई मौके गंवाए। दूसरे हाफ में हमने खेल पर दबदबा बनाया लेकिन फिर भी हम हार गए, यह खेल का हिस्सा है।

उन्होंने कहा, मुझे सेमीफाइनल के लिए मैच से पहले क्वालीफाई करने का सौभाग्य मिला। इसलिए मैंने कुछ रणनीतिगत बदलावों के साथ प्रयोग किया और मैं इसमें सफल रहा। अगर हम बेवकूफी भरे गोल नहीं खाते तो कहानी कुछ और हो सकती थी।

भारतीय महिला टीम मैच में अपनी प्रतिष्ठा को फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक थी, लेकिन मुकाबला कुछ इस तरह से हुआ जिसकी उम्मीद कम ही लोगों ने की थी। पहले हाफ में बांग्लादेश के लगातार तीन गोल भारत की लय तोड़ने के लिए काफी थे।

# यूएसए ने देश के बजाय क्लब को तरजीह देने के कारण आरोन जोन्स को वनडे टीम से बाहर किया

**न्यूयॉर्क ।** यूएसए ने शुक्रवार से शुरू हो रही विश्व कप लीग 2 (डब्ल्यूसीएल-2) त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए आरोन जेम्स को वनडे टीम से बाहर कर दिया है।

उन्हें बाहर इसलिए किया गया क्योंकि उन्होंने सीपीएल फ्रेंचाइजी सेंट लूसिया किंग्स के लिए खेलने का विकल्प चुना और सितंबर में यूएसए के साथ नामीबिया दौरे में शामिल नहीं हुए। चयन पैनल ने उस टीम को अपरिवर्तित रखा जिसने पिछली बार डब्ल्यूसीएल-2 के लिए नामीबिया का दौरा किया था।

ऐसा माना जाता है कि यूएसए क्रिकेट की ₹चेतावनी के बावजूद सीपीएल में भाग लेने के जोन्स के फैसले ने चयन समिति और यूएसए क्रिकेट के उच्च अधिकारियों के बीच तनाव पैदा कर दिया ।

आखिरकार, जोन्स ने टूनामेंट में




स्थानीय खिलाड़ी के रूप में खेला और उन्हें यूएसए क्रिकेट से एनओसी की आवश्यकता नहीं पड़ी।

इसके विपरीत, एंड्रीज गौस, जिन्होंने ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के साथ अपने कार्यकाल को नामीबिया में सीमित कर दिया था, ने टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है। जोन्स की अनुपस्थिति में, यूएसए ने नामीबिया में चार वनडे मैचों में अपना अपराजित क्रम जारी रखा, जिससे चयनकर्ताओं को उन्हें बाहर करने का साहसिक निर्णय लेने का आत्मविश्वास मिला। हालाँकि जोन्स को सीपीएल फाइनल में उनके शानदार प्रदर्शन के कारण टी20 सीरीज के लिए वापस बुलाया गया था, लेकिन हाल ही में नेपाल टी20 सीरीज में कम स्कोर की वजह से टी20 टीम में उनकी जगह भी खतरे में है।

**डलास की भीषण गर्मी से जूझते हुए कृष्णामूर्ति ने अपनी फिटनेस और संयम का परिचय दिया, एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ 341 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी टीम का नेतृत्व किया, जिससे राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए उनका दावा मजबूत हुआ**

2018 में अपने डेब्यू के बाद से जोन्स लगातार यूएसए की व्हाइट-बॉल टीम में मौजूद रहे हैं।

इस बीच, युवा सनसनी संजय कृष्णमूर्ति के लिए यह मिश्रित भावनाओं वाला दिन था। 21 वर्षीय, जिन्होंने मेजर और माइनर लीग में शानदार प्रदर्शन के साथ अमेरिकी क्रिकेट की गर्मियों में प्रभावित किया है, ने स्कॉटलैंड टीम के दौरे के खिलाफ यूएसए-ए के लिए 167* रनों की शानदार पारी खेली।

# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने आर.अश्विन

**पुणे ।** भारत के स्टार ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन गुरुवार को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट संघ (एमसीए) स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए।

अश्विन ने पहले दिन के शुरूआती सत्र में न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम, सलामी बल्लेबाज विल यंग और डेवोन कॉनवे को आउट करके यह उपलब्धि हासिल की। इन तीन विकेटों के साथ, अश्विन ने 2019 से 2024 तक विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के इतिहास में 39 मैचों में 189 विकेट लिए हैं और ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन को पीछे छोड़ दिया है, जिनके नाम 43 टेस्ट में 187 विकेट हैं।

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस 42 मैचों में 175 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर हैं। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 30 मैचों में 124 विकेट लेकर सातवें स्थान पर हैं।



अश्विन ने अब तक 104 मैचों में 24 से कम की औसत से 530 विकेट लिए हैं, जो उन्हें भारत की सर्वकालिक टेस्ट विकेट लेने वाली सूची में दूसरे स्थान पर रखता है, जो कि केवल दिग्गज अनिल कुंबले से पीछे है, जिन्होंने 619 विकेट लिए हैं।

अपनी शानदार गेंदबाजी के अलावा, इस ऑलराउंडर ने 26.44 की औसत से 3,438 रन बनाए हैं, जिसमें छह शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं।

# उम्मीदवार घोषित होते ही संजीव शर्मा ने मंदिर में टेका माथा और कार्यकर्ताओं का किया आभार



गाजियाबाद करंट क्राइम। गुरूवार को भाजपा का वो टिकट घोषित हो गया जिसकी कई दिन से इंतहार में रात नहीं कट रही थी। भाजपा ने शहर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को उम्मीदवार बनाया। उम्मीदवारी की घोषणा होते ही संजीव शर्मा सबसे पहले दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में पहुंचे और जलाभिषेक किया। इसके बाद वो महानगर कार्यालय पहुंचे और उन्होंने यहां सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। संजीव शर्मा ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का आशीर्वाद लिया। भाजपा महानगर कार्यालय पर कार्यकर्ताओं का एक मेला रहा और बधाई देने वालों की एक पूरी फौज मौजूद रही।

# तूफान ने मचाई फिलीपींस में तबाही, 23 की मौत

## कई घर डूबे, छतों से रेस्क्यू किए जा रहे लोग





**मनीला।** पूर्वोत्तर फिलीपिंस में गुरुवार को उष्णकटिबंधीय तूफान के कारण बाढ़ और भूकंप आ गया, जिसमें 23 लोगों की मौत हो गई। बाढ़ के कारण सड़कों पर कारें बह गईं। घरों के छतों पर फंसे लोगों को मोटरबोटों की सहायता से बचाया जा रहा है।

सरकार ने स्कूल और कॉलेजों को बंद करने का एलान किया। उष्णकटिबंधीय तूफान ट्रामी के पूर्वोत्तर प्रांत से टकराने के बाद लाखों लोगों को बचाने के लिए दूसरे दिन भी बचाव अभियान जारी रहा। पर्वतीय प्रांत इफुगाओ के एगुइनाल्डो शहर में 95 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने लगी।बाढ़ और भूस्खलन के कारण बिकोल क्षेत्र बुरी तरह से प्रभावित हुआ। ज्यादातर लोगों की मौत



बाढ़ के पानी में डूबने के कारण हुई है। अबतक 23 लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन बाढ़ के कारण शहर और गांव के अलग-थलग होने और सड़के अवरुद्ध होने के कारण मौतों के आंकड़ों में वृद्धि होने की संभावना है। तूफान से अधिकतर मौतें मनीला के दक्षिण-पूर्व में छह-प्रांत बिकोल क्षेत्र में हुईं। यहां अबतक 20 लोगों की जान चली गई। गांवों में फंसे हजारों लोगों को सरकारी बलों ने बचाया। बिकोल क्षेत्र में गुरुवार को कई अन्य लोगों को भी बचाने जरुरत हैं, जो छतों पर फंसे हुए हैं।

**तूफानी मौसम के कारण बचाव कार्यों में हो रही दिक्कत :** राहत-बचाव कार्यों के लिए 1500 पुलिसकर्मियों को प्रभावित इलाकों में भेजा गया है। क्षेत्रीय पुलिस प्रमुख ब्रिगेडियर. जनरल आंद्रे डिजोन ने कहा, ₹हम एक बार में सभी को बचा नहीं सकते हैं, क्योंकि लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है। हमें अतिरिक्त मोटरबोटों की जरूरत है। हम प्रभावित लोग जिन्हें तुरंत बाहर नहीं निकाला जा सकता है, उनतक तक भोजन और अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाने के तरीकों पर विचार कर रहे हैं।₹ अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में तूफानी मौसम बना हुआ है, जिससे बचाव कार्यों में दिक्कत हो रही है। सरकार की आपदा-शमन एजेंसी ने बताया कि दो मिलियन (20 लाख) से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं, जिसमें 75400 ग्रामीण निवासी भी शामिल हैं। हर सार फिलीपींस में लगभग 20 तूफान आते हैं।





# हाथों में असॉल्ट राइफल, कंधे पर बैग और धमाकों पर धमाके, सीसीटीवी में कैद हुई आतंकी हमले की पूरी घटना

**अंकारा।** तुर्किये की राजधानी अंकारा में बुधवार को हुए आतंकी हमले में पांच लोगों की मौत हो गई। यह हमला तुर्किये एयरोस्पेस (टीएआई) और रक्षा कंपनी 'तुसास' के परिसर में हुआ था।

एक महिला और पुरुष को सीसीटीवी कैमरे में तुर्किये एयरोस्पेस के परिसर पर हमला करते हुए देखा गया। हमले के कई वीडियो में उन्हें बैग ले जाते हुए और असॉल्ट राइफल्स से गोलियां चलाते हुए रिकॉर्ड किया गया है।एक वीडियो में सरकारी कंपनी के मुख्यालय में विस्फोट होते हुए भी देखा गया। एक प्राइवेट चैनल की रिपोर्ट में बताया गया कि आतंकियों का एक ग्रुप इमारत में घुस गया, उसमें से एक ने खुद को बम से उड़ा लिया। कई अन्य न्यूज आउटलेट्स में यह भी बताया गया कि करीब एक घंटे तक गोलीबारी हुई।



तुर्किये के उपराष्ट्रपति सेवडेट यिलमाज ने इस घटना पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि जान गंवाने वालों में से चार टीएआई के कर्मचारी और एक टैक्सी चालक था। हमले के लिए अबतक किसी ने कोई दावा नहीं किया, लेकिन गृह मंत्री अली येरलिकाया का कहना है कि यह हमला कुर्द उग्रवादियों ने किया है। उन्होंने तुर्किये के खिलाफ दशकों से जारी विद्रोह में शामिल समूह का जिक्र करते हुए कहा, जिस तरह से इस हमले को अंजाम दिया गया, यह पीकेके से जुड़ा लगता है।

### राष्ट्रपति एरेदोगन ने की हमले की निंदा

राष्ट्रपति रेसेप तय्यिप एर्दोगन ने इस हादसे को तुर्किये के रक्षा उद्योग पर जघन्य हमला बताया। बता दें कि राष्ट्रपति एर्दोगन व्लादिमीर पुतिन से बातचीत के लिए रूस दौरे पर हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, ₹तुर्किये रक्षा उद्योग के लोकोमोटिव संगठनों में से एक टीएआई पर आतंकी हमला हमारे देश की शांति और रक्षा को लक्षित करने वाला एक घृणात्मक हमला है।₹

स्थानीय समाचार एजेंसी के मुताबिक, तुर्किये सुरक्षा बलों के मौके पर पहुंचने के बाद गोलीबारी की आवाज सुनी गई। परिसर के ऊपर हेलिकॉप्टर उड़ते देखे गए।

# 'ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा भारतीय प्रवासियों की कर्जदार' यूके के मंत्री का बड़ा बयान

**लंदन।** ब्रिटेन के स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने ब्रिटेन की स्वास्थ्य सेवाओं में भारतीय मूल के लोगों के योगदान की जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा है कि ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) भारतीय प्रवासियों की कर्जदार है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के साथ साझेदारी ही ब्रिटेन को भविष्य के लिए देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को आधुनिक बनाने की चुनौतियों का सामना करने में मदद करेगी। बुधवार शाम को लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) के वार्षिक दिवाली समारोह में शामिल हुए स्ट्रीटिंग ने ये बातें कही।

### क्या बोले यूके के स्वास्थ्य मंत्री

ब्रिटिश स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने कहा, 'पिछले 76 वर्षों में एनएचएस को जिस तरह से आकार दिया गया है, जब मैं उसके बारे में सोचता हूं, तो हम ब्रिटेन में भारतीय प्रवासियों के प्रति बहुत ऋणी हैं। एक पीढ़ी ने साल 1948 में एनएचएस को बनाने में मदद की थी और आज हम देखते हैं कि उनके बच्चे, पोते और परपोते इसके भविष्य को आकार दे रहे हैं। जब हम अपनी स्वास्थ्य सेवा में चुनौतियों को देखते हैं, साथ ही एक बहुत ही नाजुक और अस्थिर दुनिया को देखते हैं, तो चुनौती से परेशान होना बहुत आसान है, लेकिन दिवाली उस अंधकार पर प्रकाश की जीत का जश्न मनाने का एक शानदार समय है।'



### वैक्सीन साझेदारी का किया जिक्र

कैबिनेट मंत्री ने भारत की प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा और अनुसंधान और नवाचार जैसे क्षेत्रों की तारीफ की और कहा कि उनसे ब्रिटेन सीख सकता है।

उन्होंने कोरोना महामारी के समय भारत-ब्रिटेन की वैक्सीन साझेदारी का भी जिक्र किया और कहा कि यह इस बात का उदाहरण है कि कैसे द्विपक्षीय साझेदारी को स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ाया जा सकता है।

स्ट्रीटिंग ने कहा, 'ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा मिलकर विकसित किए गए टीके आज दुनिया के कुछ सबसे गरीब हिस्सों में लोगों की जान बचा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) में भारतीय या भारतीय मूल के डॉक्टर्स को रीढ माना जाता है और ये ही एनएचएस में केंद्रीय भूमिका में हैं। ब्रिटिश एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन ऑफ इंडियन ऑरिजन नामक संगठन के अनुसार, एनएचएस में करीब 40 हजार भारतीय मूल के डॉक्टर काम कर रहे हैं।

# हम लंबे समय से खालिस्तानी कट्टरपंथ से जूझ रहे सांसद चंद्र आर्य ने चरमपंथियों पर फिर साधा निशाना

**ओटावा।** कनाडा के भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने एक बार फिर खालिस्तानी चरमपंथ पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि कनाडा लंबे समय से खालिस्तानी कट्टरपंथ से जूझ रहा है और कनाडा का प्रशासन भी इस समस्या की गंभीरता को समझता है। चंद्र आर्य ने ये भी कहा कि कनाडा की संप्रभुता सर्वोपरि है और विदेश से किसी भी तरह का दखल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### चंद्र आर्य बोले- कनाडा की संप्रभुता सर्वोपरि

भारत और कनाडा के बीच जारी राजनयिक विवाद के बीच भारतीय मूल के हिंदू कनाडाई सांसद चंद्र आर्य लगातार खालिस्तानी कट्टरपंथ को आड़े हाथों ले रहे हैं। इसे लेकर वे अपनी सरकार पर भी सवाल उठा चुके हैं। अब एक बार फिर उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में इस मुद्दे पर अपनी बात रखी। उन्होंने लिखा कि 'दो हफ्ते पहले मैं एडमोंटन में आयोजित हुए एक हिंदू कार्यक्रम में तभी सुरक्षित रूप से हिस्सा ले सका, जब कनाडा की पुलिस ने उन्हें सुरक्षा दी। खालिस्तानी प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने मेरे खिलाफ प्रदर्शन किया।'

उन्होंने लिखा कि 'कनाडा में हम लंबे समय से खालिस्तानी कट्टरपंथ की समस्या से जूझ रहे हैं।

मैं एक चीज साफ कर दूं कि कनाडा की संप्रभुता सर्वोपरि है और उसमें किसी भी तरह का विदेशी दखल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।' चंद्र आर्य के अनुसार, 'खालिस्तानी कट्टरपंथ कनाडा की समस्या है और कनाडा पुलिस ने इसकी जांच के लिए नेशनल टास्क फोर्स का गठन करने का भी फैसला किया है। हम ये जानते हैं कि कट्टरपंथ और आतंकवाद देश की सीमाओं तक सीमित नहीं है। मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे देश की सुरक्षा एजेंसियां इस मुद्दे पर पूरी गंभीरता से जांच करेंगी।'

**खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने दी है धमकी**

चंद्र आर्य को खालिस्तानी कट्टरपंथ पर निशाना साधने के लिए आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने धमकी भी दी है। हालांकि इसके बावजूद चंद्र आर्य द्वारा लगातार खालिस्तानी कट्टरपंथ के खिलाफ आवाज बुलंद की जा रही है। बीते दिनों अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में चंद्र आर्य ने लिखा था कि 'पूरे कनाडा में हिंदू समुदाय चिंतित है और हालिया समय में जो हो रहा है

चंद्र आर्य को खालिस्तानी कट्टरपंथ पर निशाना साधने के लिए आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने धमकी भी दी है। हालांकि इसके बावजूद चंद्र आर्य द्वारा लगातार खालिस्तानी कट्टरपंथ के खिलाफ आवाज बुलंद की जा रही है। बीते दिनों अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में चंद्र आर्य ने लिखा था कि 'पूरे कनाडा में हिंदू समुदाय चिंतित है और हालिया समय में जो हो रहा है, उसे लेकर हिंदू समुदाय ने अपनी चिंता जाहिर की है। एक हिंदू सांसद होने के नाते मैं भी इस चिंता से वाकिफ हूं।' उन्होंने कहा कि 'मैं अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहा हूं और अपनी बात रख रहा हूं, लेकिन मेरे अकेले के प्रयास काफी नहीं हैं।

# बांग्लादेश में आवामी लीग समर्थित छात्र संगठन बीसीएल पर प्रतिबंध, अंतरिम सरकार का बड़ा फैसला

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने बुधवार को अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग पार्टी के छात्र संगठन बांग्लादेश छात्र लीग (बीसीएल) पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत लगाया गया है। यह आदेश मंगलवार को भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के प्रदर्शनकारियों द्वारा बांग्लादेश के संविधान को रद्द करने, राष्ट्रपति शहाबुद्दीन को हटाने और छात्र लीग पर प्रतिबंध लगाने सहित पांच सूत्री मांग रखने के एक दिन बाद आया है।

गृह मंत्रालय के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के वरिष्ठ सचिव मोहम्मद अब्दुल मोमन द्वारा हस्ताक्षरित एक अधिसूचना में कहा गया है कि आवामी लीग सरकार के तहत पिछले 15 वर्षों में छात्र संगठन हत्या, बलात्कार, यातना, छात्रावासों में उत्पीड़न और



निविदा में हेरफेर जैसी गतिविधियों में शामिल रहा है। इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि अवामी लीग सरकार के पतन के बाद भी छात्र संगठन ने राज्य के खिलाफ साजिश, विनाशकारी और उकसावे वाली गतिविधियों में शामिल होना जारी रखा है।

भेदभाव विरोधी आंदोलन के दौरान बीसीएल नेताओं ने किए हमले अधिसूचना में कहा गया है कि भेदभाव विरोधी आंदोलन के दौरान, बीसीएल नेताओं और कार्यकताओं ने प्रदर्शनकारी छात्रों और आम जनता पर हथियारों से हमला किया, जिसमें सैकड़ों निर्दोष लोगों की मौत हो गई और कई लोगों की जान खतरे में पड़ गई।

### तत्काल प्रभाव से लागू होगा प्रतिबंध

नतीजतन, अंतरिम सरकार ने बांग्लादेश छात्र लीग पर आतंकवाद विरोधी अधिनियम, 2009 की धारा 18(1) के तहत प्रतिबंध लगा दिया है। अधिसूचना में कहा गया है कि यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के समन्वयक नुसरत तबस्सुम ने कहा, 'बांग्लादेश और ढाका विश्वविद्यालय अब कलंक से मुक्त हैं। हम अंतरिम सरकार को धन्यवाद देना चाहते हैं।'

# सुरक्षा अलर्ट के बाद खाली कराया गया बर्मिंघम हवाई अड्डा, कई घंटों के लिए सभी उड़ानें की गईं निलंबित

**बर्मिंघम।** ब्रिटेन के दूसरे सबसे बड़े शहर बर्मिंघम के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को सुरक्षा अलर्ट के कारण बुधवार को खाली करा दिया गया। इसके चलते कई घंटों के लिए सभी उड़ानें निलंबित कर दी गईं। मध्य इंग्लैंड में वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस को एक संदिग्ध वाहन की रिपोर्ट मिली थी, जिसके बाद पुलिस ने हवाई अड्डे को आंशिक रूप से बंद करने का आदेश दिया।

वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस द्वारा दिए गए सुरक्षा अलर्ट के बाद हवाई अड्डे के अधिकारियों ने यात्रियों को यात्रा न करने की सलाह दी, जिसके बाद यात्रियों को अपने सामान के साथ पैदल ही टर्मिनल छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। जबकि, यात्री पहले से ही हवाई अड्डे पर उड़ानों के इंतजार में बैठे थे।

बर्मिंघम हवाई अड्डे के अधिकारियों द्वारा दिए गए एक बयान में कहा गया कि हम किसी भी असुविधा और व्यवधान के लिए क्षमा चाहते हैं। हवाई अड्डे पर सभी की सुरक्षा हमारी नंबर एक प्राथमिकता है।



वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने कहा कि वाहन की तलाशी और मूल्यांकन करते समय निकासी एक 'एहतियाती उपाय' थी। विस्फोटक आयुध निपटान (ईडीओ) टीम द्वारा तलाशी के बाद वाहन को सुरक्षित माना गया।

हवाईअड्डे के एक प्रवक्ता ने कहा, 'परिचालन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। सभी यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी एयरलाइन से नवीनतम उड़ान जानकारी की जांच करें।'

बता दें कि यात्रियों की संख्या के हिसाब से बर्मिंघम हवाई अड्डा ब्रिटेन का सातवां सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है। इसका उपयोग एसीजेट, रायनएयर, टीयूआई एयरवेज और जेट2.कॉम के लिए ऑपरेटिंग बेस के रूप में किया जाता है।

इसके सबसे व्यस्त मार्ग डबलिन, दुबई, एम्स्टर्डम, पाल्मा डी मल्लोर्का और टेनेरिफ-साउथ हैं। सुरक्षा अलर्ट के बाद खाली कराया गया बर्मिंघम हवाई अड्डा, कई घंटों के लिए सभी उड़ानें की गईं निलंबित

ब्रिटेन के दूसरे सबसे बड़े शहर बर्मिंघम के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को सुरक्षा अलर्ट के कारण बुधवार को खाली करा दिया गया। इसके चलते कई घंटों के लिए सभी उड़ानें निलंबित कर दी गईं।

# 'अमेरिका हो या चीन, कोई भी देश भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता', यूएस में बोलीं वित्त मंत्री

**वॉशिगटन।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अमेरिका दौरे पर हैं। अमेरिका में एक कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री ने दुनिया में भारत की अहमियत बताते हुए कहा कि दुनिया का कोई भी देश भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता। निर्मला सीतारमण अमेरिका में विश्व बैंक की सालाना बैठक में भाग लेने अमेरिका में हैं। इससे इतर सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी वित्त मंत्री ने शिरकत की।

### 'कोई भी भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता'

इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने कहा कि 'पीएम मोदी का कहना है कि भारत की प्राथमिकता अपना प्रभुत्व जमाने की नहीं है। हम दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी हमारी है। दुनिया का आज हर छठा व्यक्ति भारतीय है। ऐसे में अमेरिका दूर है या चीन पास, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि कोई भी देश भारत और भारत की अर्थव्यवस्था को नजरअंदाज नहीं कर सकता। खासकर उस स्थिति में जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है।'



केंद्रीय वित्त मंत्री ने इस कार्यक्रम के दौरान ये भी कहा कि भारत, आईएमएफ से पहले से अपने पड़ोसियों को उनके मुश्किल समय में आर्थिक मदद दे रहा है। सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट के कार्यक्रम में बोलते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि भारत ने कई अफ्रीकी देशों को लाइन ऑफ क्रेडिट योजना के तहत आर्थिक मदद दी है, जिससे वहां संस्थानों, सड़कों, पुलों और रेलवे स्टेशन का निर्माण हुआ है। आईएमएफ की धीमी प्रक्रिया पर निशाना साधते हुए सीतारमण ने कहा कि 'आईएमएफ से बहुत पहले हम अपने पड़ोसियों की मदद करते आ रहे हैं। मैं ये बात पूरी जिम्मेदारी से कह रही हूं कि मेरा आईएमएफ की अहमियत को कमतर करने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन हमने बिनी किसी शर्त के पड़ोसियों को पैसे दिए हैं। मैं उन पड़ोसियों का नाम नहीं लेना चाहती और ना ही कोई नंबर देना चाहती हूं क्योंकि हमारे पड़ोसी हमें बहुत प्यारे हैं।'

**आईएमएफ से पहले से पड़ोसियों को आर्थिक मदद दे रहा भारत**

**अजय बंगा से वित्त मंत्री ने की मुलाकात :** वित्त मंत्री ने विश्व बैंक की सालाना बैठक से इतर विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से भी मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों के बीच निजी पूंजी के ग्लोबल पब्लिक गुड्स, ऊर्जा सुरक्षा और बहुपक्षीय विकास बैंक सुधार में भाग लेने पर चर्चा हुई। भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन के दौरान स्वतंत्र समीक्षा समूह द्वारा बहुपक्षीय विकास बैंक में सुधार के लिए कुछ सिफारिशें की गईं थी, उन्हें लेकर भी दोनों के बीच चर्चा हुई।

# केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह गाजियाबाद में बोले: 4.5 से 6 करोड़ मिलेंगी जॉब

## 'तीन बिलियन डॉलर का हो रहा टेक्सटाइल एक्सपोर्ट'

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह गाजियाबाद के ठक्ळफ्अ पहुंचे। यहां उन्होंने 62वीं ज्वाइंट टेक्नोलॉजी कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। हालांकि इस दौरान राजनीतिक सवालों से उन्होंने तौबा कर ली। किसी भी राजनीतिक सवाल का उन्होंने कोई जवाब न देकर बल्कि हाथ जोड़ लिए। गिरिराज सिंह ने 2014 के बाद टेक्सटाइल सेक्टर में आई क्रांति के बारे में बताया। साथ ही बताया कि 4से 6 करोड नए जॉब क्रिएशन होंगे। भारत सरकार में वस्त्र मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह गाजियाबाद के नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन पहुंचे। दरअसल ये संस्थान अपनी स्वर्ण जयंती समारोह पर राष्ट्रीय स्तरीय



तकनीक सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। 12 स्टार्टअप शुरू कर चुके हैं। इस अवसर पर गिरिराज सिंह ने कहा टेक्सटाइल सेक्टर में तो कई इंस्टिट्यूट काम कर रहे हैं, लेकिन चार ठक्ळफ्अ है। जो फाइबर टेक्निकल टेक्सटाइल को लेकर रिसर्च कर रहे हैं। आज भारत में 2014 से पहले इस पर काम नहीं होता था। आज हम तीन बिलियन डॉलर एक्सपोर्ट कर रहे हैं।

2030 तक 12 से 15 बिलियन डॉलर कर लेंगे। इसमें कार्बन फाइबर भी है जो आज तक नहीं होता था। नायलॉन 66 जो 23 सेक्टर में काम में आता है, खास करके टायर में नायलॉन के धागे होते हैं। प्रधानमंत्री ने 1500 करोड रुपए टेक्सटाइल के रिसर्च के लिए दिया है। हम 12 स्टार्टअप शुरू कर चुके हैं। जल्द ही यह संख्या बढ़कर 150 पहुंच जाएगी।

# गाजियाबाद पहुंचे जर्मनी के राजदूत

## भारत की पहली नमो ट्रेन में यात्रा की, भारत-जर्मनी साझेदारी की सराहना की



**गाजियाबाद (करंट क्राइम) ।** भारत में जर्मन राजदूत डॉक्टर फिलिप एकरमैन ने गुरुवार को गाजियाबाद में नमो भारत ट्रेन में यात्रा की। जर्मन राजदूत ने भारत के प्रथम आरआरटीएस कॉरिडोर के दौरे के दौरान नमो भारत ट्रेन में यात्रा का आनंद लिया। इस मौके पर एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल भी उनके साथ थे। भारत में जर्मन राजदूत डॉक्टर फिलप एकरमैन गुरुवार को गाजियाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने भारत की पहली नमो ट्रेन में यात्रा की और कॉरिडोर को देखा और समझा। एनसीआरटीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें परियोजना के बारे में जानकारी दी। राजदूत ने साहिबाबाद से दुहाई डिपो आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में तेज, सुरक्षित और विश्वसनीय यात्रा का अनुभव किया। उन्होंने आरामदायक क्षेत्रीय आवागमन के लिए सोच-समझकर डिजाइन किए गए आरआरटीएस स्टेशनों पर यात्री-केंद्रित सुविधाओं और नमो भारत ट्रेनों की विशेषताओं की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने परिवहन क्षेत्र में सतत विकास की दिशा में आरआरटीएस को सबसे हरित साधनों में से एक बनाने के प्रयासों की भी तारीफ की। इस बीच उन्होंने दुहाई आरआरटीएस डिपो में अत्याधुनिक संचालन नियंत्रण केंद्र का भी जायजा लिया। एनसीआरटीसी की टीम ने भारत में अपनी तरह की इस पहली परियोजना के लिए अपनाई जा रही कई अभूतपूर्व तकनीकों से उन्हें रूबरू करवाया। डॉ. एकरमैन ने इस बड़े पैमाने की जटिल परियोजना के समय से कार्यान्वयन के लिए भी एनसीआरटीसी के प्रयासों की प्रशंसा की। इसके साथ ही उन्होंने भारत के प्रथम आरआरटीएस कॉरिडोर के कुशल संचालन के लिए एनसीआरटीसी और डॉयचे बान (डीबी) की भारतीय सहायक कंपनी के बीच भारत-जर्मनी साझेदारी की भी सराहना की।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम थे भाजपा कार्यालय पर भगवा कमांडर के स्वागत में मौजूद? वो बन गये थे प्रत्याशी, उनको बधाई देने के लिए टूट नहीं रहा था समर्थकों का जुलुस? हमने स्वागत वाले चेहरो पर नजर दौड़ाई खास? टी कंपनी का कोई भी ठाकुर नजर नहीं आ रहा था उनके पास? तीनो ठाकुर चेहरे बना गये स्वागत वाले कार्यक्रम से दूरी? ये तो वो ही बता सकते हैं, दूरी बनाने के पीछे आखिर क्या रही मजबूरी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कमांडर संजीव शर्मा नदिया पार से आकर लड़ेंगे लाईन पार आकर चुनाव? सुना है नदिया पार में जिस कमिश्नरी में है उनका घर? लगता है वहां के कमिश्नर कुछ ज्यादा नहीं दिखा रहे हैं लगाव? हमारी स्वागत वाले कार्यक्रम में नजरें थी टिकी हुई भरपूर? उनके घर वाले एरिया के कमिश्नर पूरे स्वागत वाले कार्यक्रम में नहीं दिखाई दे रहे थे हुजुर? कहने वाले ने कहा उनके भगवा कमिश्नर का है मजबूत वाला पैगाम? वो फोकस करते हैं केवल अपनी ही कमिश्नरी पर? भले ही बाहर कितने ही स्वागत और जुलुस निकल रहे हों श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कमांडर का टिकट होने के बाद देखते ही बन रहा था दोनों पहलवानों का फेस? एक पहलवान लूट रहे थे कार्यकर्ताओं की बधाई? तो दूसरे ने फिक्स कर लिया था एक कुर्सी पर अपना स्पेस? हमने देखा जब तक चला स्वागत कार्यक्रम? तब तक कार्यालय प्रभारी वाली कुर्सी पर डटे रहे मिस्टर यश को पालने वाले पहलवान? वो उस कुर्सी से ऐसे चिपके जैसे कभी नहीं लेने देंगे उसको आराम? हमें हो रही थी उनकी इस सिटिंग पर हैरानी? समझ नहीं आ रही थी, कुर्सी को इस तरह जकड़ कर रखने की कहानी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ के एक राणा जी ने दिया था संदेश? कहा था कुछ भी हो जाये टिकट नहीं लेकर आ पायेगा भगवा कमांडर का फेस? इस बात का उन्होंने कई जगह किया था बखान? बार-बार खींचा था उन्होंने ये शब्द बोल कर सभी का ध्यान? कहने वाले ने कहा अब हम टिकट होने के बाद जानना चाहते हैं उनकी राय? कहने वाले ने कहा मजा तो तब है जब वो इस बारे में भी कुछ अपने तेजस्वी मुख से कुछ फरमाये?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** टिकट तो किसी एक का ही होना था? मगर हमें है मयंक भैया के टिकट नही होने का अफसोस? उन्होंने शहर सीट में टिकट के लिए नहीं वैसे भी की है जनता के लिए बहुत ज्यादा मेहनत? आखिर क्यों नहीं मिला उन्हें टिकट वाला संतोष? कहने वाले ने कहा हमारी तो पार्टी से अब यही है अरदास? पार्टी मयंक भैया जैसे सक्रिय चेहरे के संबंध में भी कुछ सोचे साहब? उनके लिए भी सिस्टम में पार्टी बनाये कोई स्थान? सुना है उनके कार्यकर्ता इस वक्त काफी उदास हैं? उनके मन में आज भी मयंक भैया को कुछ बड़ा मिले, इस बात की आस है?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम थे भगवा कमांडर को टिकट मिलने के बाद भाजपा कार्यालय पर मौजूद? हमें यहां पर नजर आ रहा था अधिकतर पदाधिकारियों का वजूद? हमारे यहां पर एक संगठन के बड़े पदाधिकारी पर भी था ध्यान? वो मौके पर तो नजर आ रहे थे, मगर एक तरह से मौके पर नजर भी नहीं रहे थे श्रीमान? उन्होंने भगवा कमांडर के साथ फोटो खिंचवाने और बधाई देने में नहीं दिखाया कोई उत्साह? ना जाने कौन सा लगा हुआ था उनके दिल पर आघात? जो भी हो, जो होना था वो हो गया? नया दौर है नई उमंगे, करें वो फिर से नई शुरूआत?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** किसी का खिला तो किसी का टूटा टिकट होने के बाद दिल? कुछ चेहरे बड़ा दिल करके कार्यालय पर पहुंचे? कुछ को कार्यालय का रास्ता नहीं दिखा यार? कहने वाले ने कहा जो बड़े दिल से राजनीति करते हैं उनका बड़ा होता है किरदार? हमने देखा भगवा झा ने यहां पर दिया ऐसा करने वालों को बड़ा संदेश? जैसे ही कमांडर का टिकट हुआ, वैसे ही बधाई देने के लिए नजर आया उनका कार्यालय पर फेस? उन्होंने नहीं दिखाया बधाई देने में कोई भी शूल? दे दिया संदेश, हमारा प्रत्याशी कमल का फूल?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर साईकिल वाले दोनों अध्यक्ष होते अपडेट? तो जरूर खुल गया होता गर्ग साहब के लिए टिकट वाला गेट? हमें पता चला है लखनऊ में भैया जी इन दोनों की राय लेने का करते रहे इंतजार? मगर जब जरूरत थी जब नहीं हो रहे थे दीदार? सुना है इसी वजह से हो गया था कैंडीडेट का मामला टाईट? जब थी इनकी मौके पर जरूरत, तब ये दिल्ली से तलाश रहे थे फ्लाईट? कहने वाले ने कहा अगर नहीं होते ये लेट? तो आज गर्ग साहब का मामला हो गया होता राईट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ की दावेदारी में जिस चेहरे को माना जा रहा था मजबूत दावेदार? हम आपको बता रहे हैं अंदर की बात? ये चेहरा 13 अक्टूबर को ही हो गया था रेस से बाहर? सुना है सर्वे में नहीं आया था इस चेहरे का नाम? बाकी हर तरीके से मजबूत था इस चेहरे का पैगाम? कहने वाले ने कहा जो भी हो राजनीति में इस तरह की घटना होती हैं आम? जिसकी किस्मत जोर मार रही होती है? धीरे-धीरे सारा सिस्टम एकजुट होने लगता है उसी के नाम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा कमांडर का टिकट होने के बाद जरूर एक ब्राह्मण मैडम होंगी बहुत ज्यादा हैरान? सुना है पूरे दावेदारी के दौर में उन्होंने दिया था चाहने वालों को विशेष पैगाम? दिया था सबको अपनी जानकारी के अनुसार ये ही संदेश? बहुत मुश्किल है कि फाईनल होगा भगवा कमांडर का फेस? कहने वाले ने कहा हम थे कार्यालय पर मौजूद? जिन चेहरों को दिया था इस तरह का पैगाम? वो ही कर रहे थे मैडम के बारे में बात? कहने वाले ने कहा अब तो जो होना था वो हो गया? जब चलता है दावेदारी का दौर, तब अपना माहौल बनाने के लिए करनी पड़ती है इस तरह की बात?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# नोएडा प्राधिकरण ने 50 करोड़ की जमीन कराई खाली

## यहां 5 हजार वर्गमीटर जमीन पर किया था अवैध निर्माण, कई पर चस्पा किए नोटिस

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा प्राधिकरण का अवैध निर्माण को लेकर अभियान जारी है। गुरुवार को प्राधिकरण की सर्किल-6 की टीम ने सलारपुर में करीब 50 करोड़ रुपए की जमीन को कब्जा मुक्त कराया। यहां बाउंडरी और टीम शेड लगाकर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। कुछ पक्का निर्माण भी कराया गया था। जिसे प्राधिकरण के बुलडोजर ने ध्वस्त किया। ये जमीन प्राधिकरण की मास्टर प्लान-2031 के अनुसार नियोजित है। प्राधिकरण ने बताया कि सलारपुर में खसरा नंबर- 595,596,597 और 598 करीब 5 हजार वर्गमीटर जमीन है। इस जमीन के चारो ओर बाउंडरी कराकर अवैध निर्माण किया जा रहा था। यहां प्लाटिंग कर लोगों को सस्ते प्लाट बेचने का काम हो रहा था। प्राधिकरण को जानकारी मिलने पर कार्यवाही की गई। इसके अलावा इसके आसपास भी कई स्थानों पर अवैध निर्माण हो रहा है। वहां अंतिम



नोटिस चस्पा किया गया है। अवैध निर्माण हटाने को कहा गया है। यदि वे नहीं हटाते तो कानूनी कार्यवाही के साथ निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा।

बता दे प्राधिकरण ने जनवरी 2024 से अब तक करीब 1.93 लाख वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस जमीन की लागत 1068 करोड़ रुपए आकी गई है। इसके अलावा अभियान निरंतर जारी है। ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित की गई है। यहां प्लानिंग और परियोजनाएं बनाई जानी है। इसके अलावा जमीन अतिक्रमण और अवैध निर्माण को लेकर अब तक 24 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। जबकि 118 मामलों में डीसीपी स्तर पर जांच की जा रही है।

# दो दिवसीय कंप्यूटिंग, विज्ञान और संचार पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद के कंप्यूटर साइंस विभाग ने गुरुवार को कंप्यूटिंग, विज्ञान और संचार पर प्रथम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीसीएससी 2024) का उद्घाटन किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन को इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स, यू.पी. सेक्शन (भारत) द्वारा तकनीकी रूप से सह-प्रायोजित किया गया है। सम्मेलन की कार्यवाही आई.ई.ई.ई. एक्सप्लोर द्वारा प्रकाशित की जाएगी। सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. निवास सिंह (निदेशक, आई. आई. आई.टी. एम.-ग्वालियर) ने कहा कि यह सम्मेलन आधुनिक कंप्यूटिंग और संचार तकनीकों में प्रगति को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। वहीं दूसरी ओर मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद से आये



सम्माननीय अतिथि प्रो. आशीष कुमार सिंह ने कहा, आज के डिजिटल युग में उच्च गति इंटरनेट ने संचार की गति और विश्वसनीयता को बढ़ाया है। भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद से आए सम्माननीय अतिथि डॉ. अखिलेश तिवारी ने पहले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह सम्मेलन ज्ञान का आदान-प्रदान करने का अद्वितीय अवसर है। इस अवसर पर ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक प्रो. डी.के. शर्मा ने कहा, हमारे कॉलेज का उद्देश्य ऐसे सम्मेलनों के माध्यम से शोध और नवाचार को प्रोत्साहित करना है। कंप्यूटर साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष एवं सम्मेलन के संयोजक, प्रोफेसर पंकज कुमार शर्मा ने कहा, यह सम्मेलन कंप्यूटिंग और संचार तकनीकों पर नवीनतम शोध प्रस्तुत करने का एक मंच है। मीडिया प्रभारी, प्रोफेसर तरुण कुमार अरोड़ा ने बताया कि दो दिन तक चलने वाले इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से, ए.बी.ई.एस. इंजीनियरिंग कॉलेज ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा और शोध के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता को एक बार फिर साबित किया है।

# मासूम की हत्या का खुलासा, पड़ोसी ने दिया वारदात को अंजाम, मां से बात नहीं कराने पर गुस्से में था

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के थाना नंदग्राम क्षेत्र के सिटी फॉरेस्ट के पास सड़क किनारे 8 साल के बच्चे के शव मिलने के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक, हत्या बच्चे के जानकार ने ही की थी, और इसके पीछे बच्चे की मां के साथ आरोपी के संबंध थे। आरोपी ने बच्चे का गला रस्सी से घोंटकर उसकी जान ली। पुलिस जब आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची तो उसने फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई और आरोपी घायल हो गया।

### बच्चे की मां से संबंध थे आरोपी के

डीसीपी सिटी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को सिटी फॉरेस्ट पार्क के पास 8 साल के बच्चे आकाश का शव मिला था। आकाश की पहचान भट्टा नंबर 5 के पास रहने वाले बच्चे के रूप में हुई। आकाश की मां ने पुलिस को बताया था कि मंगलवार शाम को आकाश अपनी साइकिल लेकर घर



से निकला था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा।

पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और सर्विलेंस की मदद ली। इसमें पता चला कि कन्फेक्शनरी की दुकान चलाने वाले महेश गुप्ता को आकाश के पीछे जाते हुए देखा गया था। बाद में यह भी सामने आया कि महेश गुप्ता और आकाश की मां के बीच कुछ समय से संबंध थे। महेश ने कई बार आकाश से उसकी मां से बात करवाने के लिए कहा था, लेकिन आकाश ने मना कर दिया। इस बात से महेश नाराज था।



### नृशंस हत्या और शव को फेंकने की साजिश

पुलिस की जांच में पता चला कि महेश ने आकाश को अपनी दुकान में बुलाया, उसे कोल्डड्रिंक पिलाई और फिर हाथों से गला दबाने के बाद रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को सिटी फॉरेस्ट के पास फेंक दिया, ताकि यह हत्या एक हादसे की तरह लगे।

### गिरफ्तारी के दौरान पुलिस पर फायरिंग

जब पुलिस महेश गुप्ता को गिरफ्तार करने पहुंची, तो उसने भागने की कोशिश में पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में महेश गुप्ता को गोली लगी, जिसके बाद उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पुलिस कर रही है आगे की जांच

डीसीपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि महेश गुप्ता के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है। पुलिस ने कहा कि वे मामले की हर पहलू से जांच कर रहे हैं, ताकि घटना के पीछे के सभी कारण और संभावित षड्यंत्र का पता लगाया जा सके। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है, और पुलिस जल्द से जल्द मामले की पूरी सच्चाई सामने लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# गैंगस्टर बेटे ने की थी मां की हत्या

## डीजे ठीक कराने के लिए पैसे न देने पर ईंट से कुचला था सिर, हत्याकांड में आरोपी के दो दोस्त भी शामिल

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना ट्रोनिका सिटी में 4 अक्टूबर को मिले महिला के शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने इस मामले में महिला के बेटे समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक महिला के बेटे ने डीजे ठीक करने के लिए पैसे न देने पर ईंट से सिर कुचलकर उनकी हत्या कर दी थी। इसमें उसके दो दोस्त भी शामिल हैं। आरोपी गैंगस्टर है। गाजियाबाद में डीसीपी देहात सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया की थाना ट्रोनिका सिटी क्षेत्र में 4 अक्टूबर की सुबह एक महिला का शव मिला था। जिसकी पहचान संगीता त्यागी के रूप में हुई थी। संगीता त्यागी फैक्ट्री में कर्मचारी थीं। इस हत्याकांड का खुलासा गुरुवार को किया गया है। महिला संगीता त्यागी के बेटे सुधीर और उसके दो दोस्त अंकित और सचिन को गिरफ्तार किया गया है।

### 20 हजार रुपये मांगे थे

पुलिस के मुताबिक महिला का बेटा सुधीर नशे का आदी है। वह डीजे का काम करता है और उसको डीजे ठीक करने के लिए 20 हजार रुपए की



जरूरत थी। जो सुधीर ने अपनी मां से मांगे थे। लेकिन संगीता त्यागी को शक था कि सुधीर इन पैसों को भी नशे में उड़ा देगा। इसीलिए उसने पैसे देने से मना कर दिया। नाराज सुधीर ने 3 तारीख को अपनी मां को अपनी फैक्ट्री से बाइक पर बिठाया और तय जगह पर जहां उसके पहले से दो दोस्त खड़े थे। वहां बाइक रोक दी। उसके बाद संगीता त्यागी के सिर पर ईंट से हमला कर कर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनको जेल भेज रही है।

# चार बिल्डरों पर लगा 10.75 लाख का जुर्माना

## साइट पर पानी का छिड़काव नहीं हो रहा था ग्रेप के नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई

**नोएडा।** नोएडा में प्राधिकरण की टीम ने गुरुवार को सेक्टर-128, 129 और 132 का निरीक्षण किया। यहां ग्रेप का नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। प्राधिकरण की टीम ने 4 बिल्डरों पर 10.75 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया। ये जुमार्ना सात दिन में जमा करना होगा। अन्यथा की स्थित लीज डीड की शर्तों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। प्राधिकरण की सर्किल-9 की टीम यहां अचानक निरीक्षण किया। यहां चारों बिल्डर के यहां निर्माण के दौरान नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा था। मटेरियल ग्रीन नेट से कवर नहीं किए गए थे। खुदाई की मिट्टी का डिस्पोजल ठीक प्रकार से नहीं किया जा रहा था। मिट्टी को सड़क पर फैलाया गया था। इस कारण लगातार धूल उड़ रही थी। ऐसे में इस एरिया का एक्यूआई स्तर बढ़ रहा था। जिससे आसपास के लोगों को दिक्कत हो रही थी।



### इन बिल्डर साइट पर लगाया जुर्माना

- गौड़ बिल्डर्स से सेक्टर-129 पर 5 लाख रुपए
- एसीई ग्रुप सेक्टर-129 पर 5 लाख रुपए
- संस्थगत भूखंड बी-25 सेक्टर-132 पर 50 हजार
- महागुन जेपी विशटाउन सेक्टर-128 पर 25 हजार

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नाईस मैन संजीव गुप्ता कुछ ज्यादा ही हैं भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा के निकट। जैसे ही पता चला उनको कि हुआ है कमांडर का विधानसभा वाला टिकट। तुरंत उन्होंने भी ले लिया मुंबई से दिल्ली तक की फ्लाईट का टिकट। ऐसा करके वो जल्द ही पहुंच गये बधाई देने के लिए संजीव शर्मा के निकट। नहीं रोक पाये वो अपने अरमान। मोहब्बत की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम ऑफ द डे श्रीमान।